संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -110 मंगलवार, 20 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली मामले पर एसआईटी गठित करने से किया इनकार

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संदेशखाली मामले पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखली गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि इस मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लिया। ऐसे में हम क्यों दखल दें? जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने पहले ही मामले को समझ लिया है और संज्ञान ले लिया है। बेंच ने जनहित याचिका याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की छूट देते हुए कहा, दोहरे मंच नहीं





होने चाहिए। चूंकि बेंच मामले पर विचार करने के लिए अनिच्छुक थी, याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने जनहित याचिका वापस ले ली। मामला वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली गांव में एक स्थानीय टीएमसी नेता और उनके समर्थकों द्वारा महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कई महिलाओं ने स्थानीय तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाजहां शेख और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।शेख तब से फरार है, जब कथित तौर पर उससे जुड़ी एक भीड़ ने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमला किया था, जो भ्रष्टाचार के एक मामले में उसके परिसर की तलाशी लेने गए थे।

## संदेशखाली की तुलना मणिपुर से ना करें...

शीर्ष अदालत ने कहा कि आप हाईकोर्ट जाएं, जब कोर्ट ने संज्ञान लिया है तो आपको वहां जाना चाहिए। स्थानीय कोर्ट बेहतर है। हाईकोर्ट के संज्ञान लेने के बाद क्या हुआ? इस पर वकील अलख ने कहा कि हाईकोर्ट के संज्ञान लेने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ने बयान दिया था और कहा था की वहां कोई दुष्कर्म नहीं हुआ है। ये बिलकुल मणिपुर की तरह का मामला है।इस दलील पर बेंच ने कहा कि इस मामले की तुलना मणिपुर मामले से न करें। हम आपको ये इजाजत देंगे की आप हाईकोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें। अर्जी दाखिल कर सकें। अलख श्रीवास्तव ने सुप्रीम के दूसरे मामलों का हवाला देते हुए कहा कि इनमें भी अदालत ने सीधा दखल दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फिर कहा कि आप मणिपुर से इस मामले की तुलना न करें। हाईकोर्ट के पास भी एसआईटी गठित करने का अधिकार है। ऐसे में हाईकोर्ट को ही तय करने दीजिए। हाईकोर्ट के पास अधिकार है कि वो एसआईटी का गठन करे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया

**लखनऊ,19 फरवरी 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14,000 से अधिक परियोजनाओं शुभारंभ किया।इससे करीब 34 लाख लोगों के रोजगार का रास्ता साफ होगा। यह परियोजनाएं उत्तर प्रदेश को 1 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अहम मानी जा रही है।बता दें लोकसभा की 80 सीटों वाले प्रदेश में चुनावों से पहले यह कार्यक्रम काफी अहम माना है।प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले प्रदेश के संभल पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कल्कि धाम मंदिर का भूमि पूजन किया।इस मंदिर को श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट बनवा रहा है, जिसके अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं। इस कार्यक्रम में कई संत, धार्मिक नेता और अन्य गणमान्य शामिल हुए थे।प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद एक जनसभा कार्यक्रम को संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम नरेंद्र मोदी आज जम्मू में खोलेंगे सौगातों का पिटारा



**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को जम्मू के दौरे पर होंगे। इस दौरान वह जम्मू के लोगों को कई सौगात देंगे। वह यहां 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट में पेश करने होंगे चंडीगढ़ मेयर चुनाव के बैलट पेपर

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव के बैलट पेपर कल पेश करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में मंगलवार दोपहर दो बजे सुनवाई करेगा।अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से बैलेट पेपर मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पर्याप्त सुरक्षा के साथ बैलेट पेपर लाने को कहा है.। साथ ही काउंटिंग का पूरा वीडियो तलब किया है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मसीह के वकील से पूछा कि आपने कुछ बैलेट पेपर पर एक्स मार्क लगाया या नहीं, जवाब में उन्होंने कहा कि हां आठ पेपर पर लगाया.। इस पर सीजेआई ने कहा कि आपको सिर्फ



साइन करना चाहिए था,आपने किस अधिकार से निशान लगाए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम डिप्टी कमिश्नर को नए सिरे से चुनाव कराने के लिए रिटर्निंग अफसर नियुक्त करने को कहेंगे. वो किसी राजनीतिक पार्टी से संबंधित नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाईकोर्ट को इस मामले की निगरानी करने के लिए कहेंगे।

इस मामले में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने 5 फरवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर बड़ा दखल दिया था और चुनाव के सारे रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के आदेश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को शाम पांच बजे तक रिकॉर्ड सुरक्षित करने को कहा था। साथ ही रिटर्निंग अफसर को तलब कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने आप पार्षद की याचिका पर नोटिस जारी किया था।

# हम बंगाल में एनआरसी नहीं लागू होने देंगे : ममता बनर्जी

### खून देने के लिए तैयार हैं लेकिन किसी भी व्यक्ति को बाहर नहीं जाने देंगे

**कोलकाता,19 फरवरी 2024 (ए)।** हम बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने देंगे। हम अपना खून देने के लिए तैयार हैं लेकिन हम बंगाल के किसी भी व्यक्ति को बाहर नहीं जाने देंगे।यह बड़ा बयान पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने एनआरसी पर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा से पूछती हूं कि वे यह गंदा खेल क्यों खेल रहे हैं? वे लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार, लाभार्थियों



का अधिकार छीन रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा कि जिन लोगों का नाम काटा जा रहा है उन्हें हम एक अलग कार्ड देंगे। किसी गरीब के साथ हम गलत नहीं होने देंगे। हमने एक पोर्टल तैयार किया है, जिसका नाम 'आधार ग्रीवेंस पोर्टल ऑफ वेस्ट बंगाल गवर्नमेंट' है। जिनका आधार कार्ड निष्क्रिय किया गया है वे हमें जल्द से जल्द बताएं जिससे उन्हें उनके गणतांत्रिक, सामाजिक, आर्थिक अधिकार मिलते रहें।

# केजरीवाल ने क्यों कहा मैं लाल किले पर खड़े होकर कहूंगा कि बीजेपी को ही वोट दें

### सोमवार को एक बार फिर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024(ए)।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली में जल बोर्ड के गलत बिलों को माफ करने के लिए एक योजना की शुरूआत करना चाहते हैं। लेकिन केंद्र इसको मंजूरी नहीं दे रही है। इसी दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा कि अगर भाजपा इसे पास करा दे तो मैं लाल किले से खड़े होकर कहूंगा कि आप भाजपा को ही वोट करें।

आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव होने को है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। वहीं पक्ष विपक्ष का अरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। इसी



बीच दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक बार फिर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।आज दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र की कार्यवाही हुई। जिसके बाद मंगलवार सुबह तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएम केजरीवाल विधानसभा पहुंचे और सदन को संबोधित किया। इस दौरान सीएम केजरीवाल केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

इसके अलावा उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से एक अपील भी की।

सदन की कार्यवाही के दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा कि हम शानदार योजना लेकर आए हैं। लोगों को दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ये लोग स्कीम का विरोध कर रहे हैं। इन लोगों ने हमारी सरकार द्वारा लाई गई ज्यादातर स्कीमों को बंद कर दिया। सदन में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली में जल बोर्ड के गलत बिलों को माफ करने के लिए एक योजना की शुरूआत करना चाहते हैं। लेकिन केंद्र इसको मंजूरी नहीं दे रही है। इसी दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा कि अगर भाजपा इसे पास करा दे तो मैं लाल किले से खड़े होकर कहूंगा कि आप भाजपा को ही वोट करें।

# सिद्दारमैया को बड़ी राहत

### आपराधिक कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024(ए)।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं पर 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन से संबंधित एक मामले शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली श्री सिद्दारमैया और अन्य की याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।



पीठ ने उच्च न्यायालय के आपराधिक कार्यवाही पर रोक के साथ-साथ याचिकाकर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने की राशि पर भी रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने इस मामले के अन्य आरोपियों और मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडलीय सहयोगियों -एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी राहत दी। पीठ ने याचिकाओं पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में अपना पक्ष रखने का भी निर्देश दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को लगाई फटकार



### पैसों के मामले में गृहिणियों के योगदान को मापना मुश्किल है...

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024(ए)।** सिर्फ इसलिए कि एक गृहिणी दिन में घर पर रहती है इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई काम नहीं करती है। घर में एक महिला के काम का मूल्य ऑफिस से वेतन पाने वाली महिला के काम से कम नहीं है। घर की देखभाल करने वाली महिला की भूमिका उच्च दर्जे की होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौद्रिक संदर्भ में उनके योगदान को मापना मुश्किल है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 17 साल पहले सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत से संबंधित मोटर दुर्घटना दावे पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के रुख का विरोध किया। कोर्ट ने इस तरह का रवैया अपनाने पर हाई कोर्ट को फटकार लगाई।कोर्ट ने कहा एक गृहिणी की आय को दिहाड़ी मजदूर से कम कैसे माना जा सकता है? एक गृहिणी के काम का मूल्य कभी कम नहीं आंका जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा मोटर दुर्घटना दावा मामलों में न्यायपालिका, अदालतों को काम, श्रम और बलिदान के आधार पर गृहिणियों की अनुमानित आय की गणना करनी चाहिए। ट्रिब्यूनल ने ढाई लाख मुआवजा देने का आदेश दिया था।

### दिहाड़ी मजदूर से भी कम आय पर कोर्ट ने कहा

अपील पर उच्च न्यायालय ने उसके गृहिणी होने के आधार पर दावे की गणना करने में ट्रिब्यूनल के आदेश में कोई त्रुटि नहीं पाई, जिसमें महिला की अनुमानित आय एक दैनिक मजदूर से कम मानी गई थी।सुप्रीम कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए मुआवजे की रकम छह लाख रुपये तय की और छह सप्ताह के भीतर मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने का निर्देश दिया।

# कांग्रेस विधायक शामिल हुए भाजपा में

**जयपुर,19 फरवरी 2024(ए)।** कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया भाजपा में शामिल हुए। कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने अपनी पार्टी से नाराजगी का कारण भी बताया दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति देश में क्या हो रही है। यह सब देख रहे हैं। कुछ लोगों द्वारा घिरने के कारण पार्टी का यह हश्र हुआ है। मालवीय ने कहा कि वर्ष 2013 में उनका नाम सीएलपी लीडर यानी नेता प्रतिपक्ष के लिए चला था लेकिन उन्हें नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया गया। इस बार भी उनका नाम आगे था लेकिन कांग्रेस ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया। कांग्रेस पर व्यक्तिगत आरोप लगाने के साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि कांग्रेस का विजन भी अब पहले जैसा नहीं रहा। इसलिए वे पार्टी छोड़ रहे हैं।



चुनावी अखाड़े में भाजपा को पटकनी देने के लिए बांसवाड़ा और डूंगरपुर कांग्रेस कमेटी ने सिंगल पैनल में पूर्व मंत्री और विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया का नाम भेजा था।हालाकि मालविया ने कांग्रेस कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का एलान किया था। बावजूद इसके प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी मालवीया का नाम लोकसभा चुनाव के लिए आलाकमान को भेजा था।

# अभी कांग्रेस में ही रहेंगे कमलनाथ और नकुलनाथ

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जाने की पिछले कई दिनों से अटकलें लग रही हैं। इन अटकलों के बीच कांग्रेस के सीनियर नेता, विधायक और कमलनाथ के करीबी सज्जन सिंह वर्मा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ दोनों ही बीजेपी में नहीं जा रहे हैं।



सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि कमलनाथ ने उन्हें बताया है कि बीजेपी में जाने का प्रश्न काल्पनिक है। इस पर जवाब देना उचित नहीं है। हालांकि, सज्जन सिंह वर्मा ने दोनों की नाराजगी की बात से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि किस पार्टी में नाराजगी नहीं होती है। बता दें कि जो लोग बीजेपी में मोदी और शाह की कार्यशैली को जानते हैं उन्हें पता है कि किस तरह किसी को असेट बनाया जाता है।. कमलनाथ पर सिख विरोधी दंगों का आरोप है। पर कमलनाथ कांग्रेस में हिंदू चेहरा रहे हैं.। हनुमान भक्त की उनकी इमेज रही है। राम जन्मभूमि मंदिर उद्घाटन के समय ही कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ ने मंदिर उद्घाटन में जाने की बात की थी।

# मुगल शासन को फिर से वापस ला रही हैं ममता बनर्जी

### महिलाओं के साथ हुआ व्यवहार बंगाल के लिए कलंक : भाजपा

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2024 (ए)।** भाजपा ने संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अपराध को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में मुगल शासन को फिर से ला रही हैं और राज्य में महिलाओं के साथ जो हो रहा है, वो राज्य के लिए एक कलंक है। बंगाल की जनता ममता बनर्जी को इसका जवाब जरूर देगी।

पश्चिम बंगाल से भाजपा की लोकसभा



सांसद लॉकेट चटर्जी ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कोलकाता से 35 किमी दूर संदेशखाली में शेख शाहजहां और उसके माफिया दोस्त माफियाराज चलाते हैं। लेफ्ट फ्रंट के टाइम से ही ये लोग वहां माफियाराज चला रहे हैं। लोगों ने कई बार आवाज उठाई लेकिन टीएमसी सरकार ने शेख शाहजहां को वहां का डॉन, वहां का सभापति बना दिया।

संपादकीय

# यूपी में 11 वीं सीट का खेला

उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं,जिसके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। विधानसभा की संख्या के लिहाज से भाजपा को सात और समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिलेंगी। दोनों पार्टियों ने पहले अपने अपने कोटे की सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा की थी। लेकिन नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी गुरुवार को भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार चुनाव में उतार दिया। अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है। इस समय उत्तर प्रदेश विधानसभा में चार सीटें खाली हैं। सो, 399 की संख्या के लिहाज से एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के अपने 252 सदस्य हैं। इसके अलावा अपना दल के 13 और निषाद पार्टी व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह-छह विधायक हैं। पिछले दिनों सपा का साथ छोड़ कर आए राष्ट्रीय लोकदल के नौ सदस्य हैं। इस तरह एनडीए के विधायकों की कुल संख्या 286 हो जाती है। उसे अपने सात सदस्यों की जीत के लिए 259 वोट की जरुरत है। उसके बाद उसके पास 27 वोट अतिरिक्त बचते हैं। दूसरी ओर रालोद के अलग होने के बाद सपा के पास अपने 108 और कांग्रेस के दो विधायक हैं। उसे तीन सीट जीतने के लिए 111 वोट की जरुरत है।

# चुनावी चंदे की पारदर्शी व्यवस्था बने

चुनावी बॉन्ड को लेकर पिछले छह-सात साल में जितनी बहस हुई है और चंदे की इस व्यवस्था पर जितने सवाल उठे हैं उन्हें देखते हुए अब केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को खुले दिल से स्वीकार कर लेना चाहिए। इसे प्रतिष्ठा का सवाल बना कर संसद के जरिए इसे बदलने का वैसा प्रयास नहीं किया जाना चाहिए, जैसा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदे की पूरी व्यवस्था को असंवैधानिक करार दिया है और इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।इतना ही नहीं सरकार ने सभी पार्टियों से कहा है कि अगर किसी के पास कोई चुनावी बॉन्ड बचा है तो वह उसे तत्काल वापस लौटाए और स्टेट बैंक उसे बॉन्ड खरीदने वाले व्यक्ति के खाते में लौटा दे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि यह कानून सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है और साथ ही संविधान के अनुच्छेद 19 (1) से मिले मौलिक अधिकार का भी उल्लंघन करता है। अदालत ने अप्रैल 2019 के बाद चुनावी बॉन्ड से दिए गए चंदे की सारी जानकारी 13 मार्च तक सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने एक राय से इस मामले में फैसला सुनाया है।चुनाव आयोग का फैसला बहुत स्पष्ट है। इसमें उन तमाम बातों का जिक्र है, जिसकी आशंका पिछले छह-सात साल से जताई जा रही थी। ऐसा नहीं है कि सिर्फ विरोधी पार्टियों के लोग या केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के चिरंतन विरोधी ही इस पर सवाल उठा रहे थे। भारत की दो स्वायत्त संस्थाओं ने भी इस पर सवाल उठाए थे। चुनाव आयोग ने कहा था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29 (बी) का उल्लंघन करके चंदा लिया है या नहीं। साथ ही विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। इसी तरह भारतीय रिजर्व बैंक ने इस योजना को लेकर कहा था कि चुनावी बॉन्ड धन शोधन को बढ़ावा देगा। इसके जरिए काले धन को सफेद करना आसान हो जाएगा। ये दोनों ऐसे मुद्दे हैं, जो बार बार उठाए जा रहे थे। साफ साफ दिख रहा था कि इस योजना में पारदर्शिता बिल्कुल नहीं है। चुनावी बॉन्ड खरीदने वाला कहां से पैसे ला रहा है यह पता लगाने का कोई जरिया नहीं था। इसलिए आयकर कानून के नियमों को लागू करने या धन शोधन के नियमों को लागू करने की संभावना समाप्त हो जाती थी। चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक ने इस पहलू की ओर ध्यान आकर्षित किया था।लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ साथ कुछ ज्यादा बड़े सवाल भी उठाए हैं। सबसे बड़ा सवाल लोकतंत्र का है, जिसमें जनता को यह जानने का अधिकार है कि जिस राजनीतिक दल को वह समर्थन दे रहा है या वोट दे रहा है उसे कहां से चंदा मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान ही कहा था कि इस तरह की गोपनीय योजना के जरिए पार्टियों को असीमित फंडिंग का रास्ता खुलता है। असल में इस योजना को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या इस तरह की चंदे की व्यवस्था से




स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की संभावना प्रभावित होती है? इसका जवाब सुप्रीम कोर्ट के फैसले में मिला है। अदालत ने कहा है कि इससे कॉरपोरेट फंडिंग और पॉलिसी मेकिंग यानी पार्टियों को मिलने वाले चंदे और नीति निर्माण में मिलीभगत हो सकती है। जब किसी को पता नहीं होगा कि किस कॉरपोरेट ने या किस व्यक्ति ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है तो यह भी पता नहीं चलेगा कि किसी सरकार की किस योजना से किस कॉरपोरेट को क्या लाभ हुआ है। इससे लोकतंत्र की बुनियादी व्यवस्था प्रभावित होती है और मतदाता के अधिकार भी प्रभावित होते हैं। साथ ही सरकार के कामकाज में भ्रष्टाचार व भेदभाव बढने् की संभावना भी पैदा होती है।सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नसीहत देने के अंदाज में कहा है कि चुनावी चंदे में काले धन के चलन को रोकने के लिए एकमात्र रास्ता यही नहीं है। इसके अलावा दूसरे रास्ते भी तलाशे जा सकते हैं, जो ज्यादा पारदर्शी हों और मौलिक अधिकार व सूचना के अधिकार का उल्लंघन नहीं करते हों। सोचें, 2017 में जब तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस योजना की घोषणा की थी और इसे लागू करने का फैसला हुआ था तब इसके विरोध पर वे बार बार कहते थे कि और कुछ हो या न हो यह तय है कि चंदे में दिया जाने वाला पैसा काला धन नहीं है। जबकि हकीकत में सबसे ज्यादा इसी पर सवाल उठा है। चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक के साथ साथ सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर सवाल उठाया है। इसलिए सरकार को इस मामले में किसी तरह की जिद पकडने् की बजाय ज्यादा पारदर्शी व्यवस्था बनाने के बारे में विचार करना चाहिए। ध्यान रहे भारत में राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की व्यवस्था कभी भी परफेक्ट नहीं रही है। पार्टियों को 20 हजार रुपए से कम का चंदा बिना चेक के लेने का अधिकार है। अनेक पार्टियां ऐसी हैं, जिनको समूचा चंदा इसी तरीके से मिलता है। भारत की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी बसपा है, जो पिछले करीब डेढ़ दशक से चुनाव आयोग को बता रही है कि उसे 20 हजार रुपए से ऊपर का एक भी चंदा नहीं मिला है। सोचें, उसे सैकड़ों करोड़ रुपए का चंदा मिल चुका है लेकिन किसी ने चेक से चंदा नहीं दिया। वह सत्ता में रही तब भी उसने यही बताया कि उसे मिलने वाले सारे चंदे 20 हजार रुपए से नीचे के हैं। इस तरह के चंदे के बारे में कुछ भी जानकारी देने की जरुरत नहीं होती है और जितना भी चंदा मिलता है वह आयकर से मुक्त होता है।राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए पहले ट्रस्ट के जरिए चंदा देने की व्यवस्था भी बनी थी और बाद में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने का कानून ले आई। इस कानून में बुनियादी खामियां थीं, जिन्हें विस्तार से सुप्रीम कोर्ट ने बताया है। इस कानून के मुताबिक कोई भी व्यक्ति या कंपनी स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से चुनावी बॉन्ड खरीद सकता था। वह जिस पार्टी को चुनावी बॉन्ड देगा उसे 15 दिन के भीतर उस बॉन्ड को कैश कराना होगा। इस कानून के मुताबिक चुनावी बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान नहीं जाहिर की जाती है और न उसके बारे में सूचना के कानून के तहत कोई जानकारी साझा की जाती है।हालांकि उसकी सारी जानकारी सरकार के पास होती है। तभी यह योजना सरकार के हाथों का एक टूल बन गई थी। लोग सरकार को खुश करने के लिए उसे ज्यादा चंदा दे रहे थे और विपक्षी पार्टियों के चंदे का स्रोत सूखता जा रहा था। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बराबरी के मैदान की धारणा खत्म हो गई थी। इससे काले धन का इस्तेमाल बढने् की संभावना भी बढ़ गई थी और यह आरोप भी लग रहा था कि इसे कॉरपोरेट को ध्यान में रख कर लाया गया है। इस योजना में यह सुविधा थी कि कोई कॉरपोरेट घराना बिना पहचान बताए जितना चाहता उतना चंदा किसी को दे सकता था।इसके बदले में उसे कुछ न कुछ लाभ भी मिलता, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मिलीभगत कहा है। जब इन सारे पहलुओं से परदा उठ गया है तो चुनावी चंदे की एक ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए, जिससे काले धन की संभावना खत्म हो, जिसके बारे में सारी जानकारी आम लोगों को भी मिले और पक्ष व विपक्ष के बीच आंशिक रूप से ही सही लेकिन बराबरी का मैदान सुनिश्चित हो।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**-अजीत द्विवेदी-**

## उस स्त्री

उस स्त्री की मानसिक,
शारीरिक पीड़ा का,
अंदाजा लगाना भी मुश्किल है ।
जिसने रातभर सिर्फ दरवाजों के,
खुलने व बंद होने की आवाजे सुनी हो ।
जो छुप गई है, किसी अँधेरे कोने में
दहशत से भरी ,
अपने साये से भी डर रही हो।
उस स्त्री की पीड़ा का, अंदाजा
लगाना भी मुश्किल है ।
सूख चुके हैं, जिसके आँसू,
जो छिल जाने तक रगड़ चुकी हो देह को
पर अंतर्मन को के दर्द को न धो पाई हो।
उस स्त्री की पीड़ा का अंदाजा भी
लगाना मुश्किल है ।
जो सिहर जाती हैं,
मात्र पति के प्रेम स्पर्श से भी ।
तैर आती हो आँखों में ,
नादान बचपन की दर्दनाक तस्वीरें,
उस स्त्री के खौफ़ में भर कंपकपाने की
पीड़ा का अंदाजा लगाना
भी मुश्किल है ।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा,
राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# रोजगार मेले का झुनझुना

अगर युवाओं की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की शुरुआत कौशल विकास के साथ हुई थी। इसके लिए अलग मंत्रालय बनाया गया था। इसके अलावा हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा भी था। लेकिन 10 साल के कार्यकाल के आखिरी वर्षों में जाकर रोजगार मेले की शुरुआत हुई। वर्ष 2022 के आखिर में सरकार ने ऐलान किया कि अगले एक साल में 10 लाख नौकरियां दी जाएंगी। सोचें, जब कोई सरकार चुनावी साल में रोजगार मेला लगा कर प्रधानमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र बांटने का ऐलान करे और पूरे साल में 10 लाख लोगों को नियुक्ति पत्र दे तो अंदाजा लगाए कि बाकी समय क्या स्थिति रही होगी? लोक लुभावन कामों में सरकारें अपने बेस्ट प्रदर्शन चुनावी साल में करती है। सो, लोकसभा चुनाव से पहले 16 महीनों में अगर सरकार ने 10 लाख युवाओं को नौकरी दी है तो उससे पहले के 44 महीनों में कितनों को नौकरी मिली होगी?नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री जब दूसरी बार सत्ता में लौटे थे और शपथ ली थी तो उसके अगले ही दिन यानी 31 मई 2019 को उनके श्रम मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय यानी एनएसएसओ का बेरोजगारी का आंकड़ा जारी हुआ था। उसमें बताया गया था कि वित्त वर्ष 2017-18 में बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी रही थी, जो 45 साल में सबसे ज्यादा थी। 1971 के बाद पहली बार बेरोजगारी दर इतनी ज्यादा हुई थी। वित्त वर्ष 2011-12 में भारत में बेरोजगारी दर 2.2 फीसदी थी। यह सर्वेक्षण नोटबंदी के फैसले के तुरंत बाद कराया गया था। जाहिर है कि नोटबंदी ने अर्थव्यवस्था को जैसे प्रभावित किया और जितना नुकसान हुआ उसका असर रोजगार की स्थिति पर भी पड़ा था। लेकिन यह पहली और आखिरी बार था जब बेरोजगारी की दर को लेकर इतना हल्ला मचा था। उसके बाद चारों तरफ सन्नाटा छाया हुआ है। जबकि अभी कुछ दिन पहले बेरोजगारी दर आठ फीसदी से ऊपर थी और अब भी 6.8 फीसदी है।देखने में लगेगा कि यह बड़ा आंकड़ा नहीं है लेकिन इसमें 16 साल से ऊपर से हर उम्र के व्यक्ति के हर किस्म के काम को शामिल किया गया है। इसमें ज्यादातर लोग असंगठित क्षेत्र में बहुत मामूली वेतन की नौकरी कर रहे हैं या छोटे छोटे स्वरोजगार कर रहे हैं। ब्लूमबर्ग के आंकड़े के मुताबिक करीब 58 फीसदी आबादी ऐसी है, जो अवैतनिक घरेलू काम या छोटा व्यवसाय चलाने सहित स्व रोजगार से जुड़ी हैं। सोचें, एक तरफ युवा शक्ति का डंका है, युवाओं के आत्मनिर्भर होने की बातें हैं, दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले देश में सबसे बड़ी कामकाजी आबादी होने का दावा है और दूसरी ओर रोजगार के ऐसे आंकड़े हैं! भारत पहले भी अपनी जनसांख्यिकी का बेहतर इस्तेमाल नहीं कर पा रही था लेकिन अब तो युवाओं के सामने संगठित क्षेत्र की नौकरी या अच्छे कारोबार की स्थिति सपने जैसी हो रही है।



**-हरिशंकर व्यास-**

# सीएए किसी को निशाना नहीं बनाएगा,यह एक पुराने अन्याय को सुधारेगा

लंबे समय से प्रतीक्षित नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 को वोट मांगने के अवसरवाद के दाग से बचाया जाना चाहिए था, जिसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अधिसूचना और कार्यान्वयन की घोषणा के समय से मानवीय उपाय प्राप्त हुआ है। कुछ मुसलमानों और अधिकांश विपक्षी दलों के हंगामे के विपरीत, सीएए का ज़मीनी स्तर पर कोई खास असर नहीं पड़ता है। बड़े दार्शनिक अर्थों में भारत हमेशा से हिंदुस्तान रहा है, और पड़ोसी देशों में हिंदुओं को अन्य धर्मों के लोगों से अलग देखा जाता है।
यह अंतर बांग्लादेश युद्ध के बाद स्पष्ट था, जब कोलकाता के आसपास ज्यादातर हिंदू शरणार्थियों के लिए शिविर बंद किए जा रहे थे, और कैदियों को लगभग संगीन बिंदु पर सैन्य ट्रकों पर चढ़ने के लिए मजबूर किया गया था ताकि वे उन्हें जेसोर और खुलना के गांवों में वापस ले जा सकें, जहां से पाकिस्तानी सेना थी उन्हें बेरहमी से बेदखल कर दिया.
÷क्या आप खुद को भारतीय, पाकिस्तानी या बांग्लादेशी मानते हैं? मैंने एक जिद्दी हिंदू किसान से पूछा, जिसने स्वदेश वापसी के प्रति अपनी अत्यधिक अनिच्छा को छिपाया नहीं था। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, आपको मुझे बांग्लादेश में रहने वाला एक भारतीय नागरिक मानना चाहिए।
पूर्वी बंगाल, अब बांग्लादेश, के हिंदुओं के दुखद इतिहास को ध्यान में रखते हुए, मैं उनकी दुविधा को समझ सकता था। अधिकांश पूर्वी पाकिस्तान हिंदू अधिक दलित जातियों से कृषक और मछुआरे थे। वे अपेक्षाकृत गरीब भी थे. पूर्वी बंगाल के बड़े जमींदार भी हिंदू जमींदार, पेशेवर व्यक्ति, नौकरशाह और शिक्षाविद थे, जिनमें अविभाजित बंगाल के कुलीन वर्ग शामिल थे। उन्हें हटाने के लिए ही मुस्लिम किसानों ने पाकिस्तान के पक्ष में भारी मतदान किया।
गौरतलब है कि जहां भारत में पश्चिम बंगाल ने 1954 तक जमींदारी खत्म नहीं की थी, वहीं पूर्वी बंगाल में यह व्यवस्था 1950 में खत्म कर दी गई थी। पाकिस्तान के 96 संस्थापक व्यक्तियों में से एक, जोगेंद्रनाथ मंडल ने इस विरोधाभास की पीड़ा का प्रतीक बनाया। एक बंगाली हिंदू दलित स्वतंत्रता सेनानी के रूप में, उन्होंने सोचा कि उन्हें कथित समतावादी इस्लामी पाकिस्तान में एक उचित सौदा मिलेगा। मुहम्मद अली जिन्ना ने भी ऐसा सोचा और उन्हें पाकिस्तान का पहला कानून, न्याय और श्रम मंत्री बनाया। लेकिन सितंबर 1948 में जिन्ना की मृत्यु ने मंडल को असुरक्षित बना दिया। वह या तो पश्चिमी पाकिस्तानी नौकरशाही की बदमाशी का सामना नहीं कर सके या पूर्वी पाकिस्तान में पुलिस और अंततः अमीर और कुलीन प्रधान मंत्री लियाकत अली खान द्वारा समर्थित मुस्लिम बहुसंख्यक दंगाइयों का सामना नहीं कर सके।
पाकिस्तान के गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों के सामने असहाय और पारिवारिक दबावों के कारण, मंडल ने अंततः अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और भारत भाग गए। अन्य प्रयास किए गए समाधान भी विफल रहे। एक प्रस्ताव ग्रीस और तुर्की जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों के आदान-प्रदान का था। दूसरा, पद्मा नदी के पश्चिम में बांग्लादेशी क्षेत्र की एक पट्टी में एक नई हिंदू मातृभूमि के लिए था। 1950 का नेहरू-लियाकत अली समझौता बंगाली हिंदू किसानों के उनके पैतृक खेतों के अधिकारों को मान्यता देने की तीसरी योजना थी। हालाँकि, पाकिस्तान सरकार औपचारिक चर्चाओं में जो भी सहमत हुई, उसे अक्सर स्थानीय अधिकारियों द्वारा अस्वीकार कर दिया गया, जो 1965 के युद्ध के बाद हिंदू मालिकों को निष्कासित और उनकी भूमि को शत्रु संपत्ति के रूप में सूचीबद्ध करने में तत्पर थे। न ही उन पुनर्वास योजनाओं को पूर्व में दोहराने का कोई सवाल था जो पश्चिम की समृद्धि के लिए जिम्मेदार थीं। पंजाब और उत्तर प्रदेश में मुसलमानों ने पश्चिमी पाकिस्तान के हिंदुओं के लिए मुआवज़ा पूल बनाने के लिए पर्याप्त संपत्तियों को छोड़ दिया, जिन्हें भारत सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया था। पूर्व में ऐसा कोई विभाज्य संपत्ति पूल नहीं था। न ही केंद्र की उदारता चंडीगढ़ शहर के समकक्ष निर्माण करने, शरणार्थियों के लिए फ़रीदाबाद जैसी औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने, या नई दिल्ली के फैशनेबल खान मार्केट जैसे क्षेत्रों को विकसित करने तक फैली, जिसे 1951 में भारत के नए पुनर्वास मंत्रालय द्वारा आर्थिक अवसर पैदा करने के लिए स्थापित किया गया था। विभाजन के पीड़ित, विशेष रूप से उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत से और इसका नाम खान अब्दुल गफ्फार खान के नाम पर रखा गया, जो स्वतंत्रता आंदोलन के प्रतीक और 1945 से 1947 तक एनडब्ल्यूएफपी के मुख्यमंत्री थे। भारत के राष्ट्रपति बनने से बहुत पहले, प्रणब मुखर्जी ने नई दिल्ली की उदारता की तुलना पश्चिम से की थी। पाकिस्तान के शरणार्थी पूर्वी पाकिस्तान के हिंदुओं के प्रति उदारता रखते हैं, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। सीएए उस अन्याय को देर से सही करने का प्रयास करता है। 2014 और 2019 में भाजपा के अभियान वादों का परिणाम, सीएए मुस्लिम-बहुल अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का एक तेज़ तरीका प्रदान करता है।



**-सुनंदा के दत्ता-**

## आओ सब मिलकर करें रक्तदान

रक्तदान है महादान,
इससे बड़ा नहीं है कोई दान।
रक्तदान से बचता है किसी का जान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।
चाहे जवान हो या फिर हो किसान,
हर स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है रक्तदान।
अपने रक्त से बचाए किसी का जान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।।
यह मानव शरीर है नाशवान,
इस शरीर का मत करो अभिमान।
आप सबसे करते है हम आह्वान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।
इससे नहीं होता कोई नुकसान,
समाज में बढ़ता है मान सम्मान।
कई बीमारियों का होता है निदान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।
रक्त के बिना नहीं जी सकता इंसान,
अपने रक्त से किसी को दे जीवन दान।
रक्तदान से नहीं लगता कोई थकान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।
जरूरतमंद पर थोड़ा करे एहसान,
पुण्य लाभ मिलेगा करने से रक्तदान।
बच जायेगा किसी व्यक्ति की जान,
आओ सब मिलकर करें रक्तदान।




**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## क्या आयेगी अब नई तरंग

क्या आयेगी अब नई तरंग
नवीन प्रयोग भी होते रहेंगे
अपने अपने को खोते रहेंगे
लगने लगे जीवन ही बेढंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
जीना हुआ जब से मुहाल
बजने लगे है जब से गाल
हर रंग मे पड़ा है अब भंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
मुश्किल हो जाये जब सफर
अपनों की नहीं कोई खबर
बजता ही नहीं जीवन मृदंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
ख़त्म हो चुके जब अरमान
जारी हो जाये नये फरमान
बदल गये जब जीने का ढंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
बिखरे हुये जब सारे राग
अब कंही तो जगे अनुराग
कंही रंग ना हो जाये भंग
क्या आयेगी अब नई तरंग
फिर भी सपने सजाते रहेंगे
उम्मीद को गले लगाते रहेंगे
बदल जायेगी फ़िज़ा के रंग
क्या आयेगी अब नई तरंग



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
आमाचानी
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## श्रीराम मंदिर

हजारों वर्ष का स्वप्न देखो अब
साकार हो गया है।
श्री रामचंद्र जी का भव्य मंदिर
निर्माण हो गया है।।
कितना सुंदर लग रहा है प्रभु
श्रीराम का दरबार।
भव्य अद्भुत नजारा है देख रहा ये
सारा संसार।।
सभी भारतीय के लिए गौरव का
पल आ गया है।।
श्री रामचंद्र जी का भव्य मंदिर
निर्माण हो गया है।।
अलौकिक तेज से जगमगा रहा
सारा हिंदुस्तान।
पूरे विश्व में और बढ़ गया है भारत
देश की शान।।
चारों दिशाओं में धर्म का भगवा
ध्वज लहराया है।
श्री रामचंद्र जी का भव्य मंदिर
निर्माण हो गया है।।
पूरी अयोध्या नगरी देखो अद्भुत
सुंदर सजाई है।
बड़े संघर्षों के बाद यह शुभ मंगल
घड़ी आई है।।
ऐसा लग रहा है जैसे त्रेतायुग
वापस आ गया है।
श्री रामचंद्र जी का भव्य मंदिर
निर्माण हो गया है।।




**राजकुमार निषाद राज**
बिरोदा धमधा
दुर्ग छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**या देवी सर्वभूतेषु**
**शक्तिरूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै**
**नमस्तस्यै नमो नमः।।**

देवी आराधना सांसारिक जीवन की नितांत आवश्यकता है। देवी, शक्ति व भक्ति का जीवंत स्वरूप है, जो मानवकल्याण के लिए अन्य संसाधनों से सर्वोपरि है। अतः संसार में देवी की पूजा-अर्चना,जीवन के सुख प्राप्ति व दुख निवारण के लिए आवश्यक माना गया है। हिंदी पंचांग के अनुसार हर माह किसी न किसी देव अथवा देवी के पूजन की तिथि निहित होती है, इन्हीं में से माघ महीने में बसंत ऋतु के आगमन होते ही बुद्धि, ज्ञान व संगीत की देवी माँ वागेश्वरी की आराधना संसार के समस्त जीव अपनी-अपनी भक्ति अनुसार करते हैं। इससे आध्यात्मिकता पर विश्वास बढ़ता है और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, सुख समृद्धि चिरस्थाई बनी रहती है।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

माघ महीने में बसंत पंचमी का दिन देवांगन समाज की कुल देवी माँ परमेश्वरी की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।
ग्राम देवी/देवता हर ग्राम में कोई न कोई ग्रामदेवता रहते हैं और हर समाज में एक कुल देवता या कुल देवी जिसे ईष्ट देव/देवी भी कहा जाता है, आराध्य होते हैं।
जैसे-ठाकुरदेव, साँहड़ा देव, भँइस्सा सुर,बहीदेवी,बघधर्रा,बूढ़ादेव इत्यादि। ऐसे ही माँ परमेश्वरी देवांगन समाज की ईष्ट देवी हैं।
कई पीढ़ी से हमारे पूर्वज माँ परमेश्वरी देवी की पूजा करते आ रहे हैं, इनसे ही देवांगन समाज की उत्पत्ति हुई थी, तब से लेकर आज तक प्रत्येक बसंत पंचमी को परमेश्वरी जयंती मनाई जाती है। ऐसा कहा जाता है कि माता परमेश्वरी मान्यता प्राप्त सिद्धपीठों में से एक है। उत्सव कैसे मनाते हैं बसंत ऋतु हर ऋतुओं का राजा कहलाता है, न ठिठुरती ठंड और न प्रचंड गर्मी। मद्धम-मद्धम पुरवाई चलती है। आम के वृक्षों में बौर भी आ जाते हैं। इन्हीं दिनों देवांगन समाज में सारे समाजसेवी, माँ परमेश्वरी जयंती का भव्य आयोजन करते हैं। महीनों पहले ही तैयारियाँ प्रारंभ हो जाती हैं। कहीं कहीं अपनी शक्तिनुसार तीन दिवसीय या पांच दिवसीय परमेश्वरी पुराण का आयोजन किया जाता है। नन्हीं-नन्हीं बालिका देवी की रूप धर सजती-सँवरती हैं। और उत्सव को आकर्षक बनाती हैं, श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार दान करते हैं। पुराण के अंतिम दिवस विशेष यज्ञ करते हैं तत्पश्चात महिलाओं व बच्चों द्वारा कलश यात्रा भी निकाली जाती है। कलश यात्रा में ज्यादातर पीले रंग के वस्त्रों का महत्व रहता है। पीला वस्त्र शुभ माना जाता है व विज्ञान के अनुसार पीला रंग शांति का प्रतीक है, जो माँ परमेश्वरी को अत्यंत प्रिय है। सभी नारी वर्ग, ग्राम के निकट ताल से जल लेकर अपने-अपने कलश में भरते हैं व पुराण के अंतिम दिन सभी कलश विसर्जन के लिए पोखर में जाते हैं। माँ परमेश्वरी का अनुपम सौंदर्य देखते ही बनता है। प्रतिमा के साथसाथ गाँव के कोने-कोने तक गाना-बजाना करते हुए लोग धूमधाम से कलश यात्रा की शोभा बढ़ाते हैं। कलश व प्रतिमा को आरती के बाद पोखर में विसर्जित कर दिया जाता है, तत्पश्चात प्रसाद वितरण के बाद पंडाल या भवन में बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाता है। नन्हे नन्हे बच्चे नृत्य करते हुए अति सुंदर लगते हैं और सब का मन मोह लेते हैं।दर्शक उनका उत्साहवर्धन भी करते हैं।अपने समाज में किसी प्रतिभावान बच्चे को उसके प्रतिभा का सम्मान मिलना गर्व की बात है। उन्हें समाज के द्वारा राशि/सम्मान भी भेंट किया जाता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# बसंत का आगमन




माघ महीने में बसंत ऋतु का महत्व इस ऋतु के आते ही धरती की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है, यानि उत्पादन क्षमता अन्य ऋतुओं की अपेक्षा अधिक होती है। शायद इसलिए श्री कृष्ण ने गीता में कहा है ऋतुओं में हम वसंत हैं।प्राकृतिक कारण बसंत ऋतु को राजा कहने के अनेक कारण हैं, फसल तैयार होना, नयेङ्कनये पुष्पों का खिलना, चहुँओर हरियाली आना, हिंदू धर्म में अनेक मांगलिक कार्य होना, आम्र-बौर, शीतल सुरभित पुरवाई का बहना,सुहानी शाम, मन को मदमस्त करने वाली ऋतु; समस्त जीव प्राणी के अंदर एक नया उत्साह पैदा करती है। फूलों में भौंरे मँडराते हैं व तितलियाँ पुष्प रस का स्वाद लेती हैं, आम के बौर की भीनी खुशबू मन मोह लेती है। होली के रंग बिखरने लगते हैं। कवियों की लेखनी गतिशील होकर तरह-तरह के प्रणय गीत लिखती हैं, इसी कारण बसंत को ऋतुओं का राजा कहा जाता है।
आध्यात्मिक कारण कहा जाता है कि ब्रम्हा जी की शक्ति से माँ वीणापाणि प्रकट हुई। ब्रम्हा और देवी सरस्वती ने सारे सृष्टि का सृजन किया। माँ सरस्वती की वीणा की झंकार व सुमधुर संगीत से धरती में अनेक नई कोपलें विकसित होने लगीं। जीवों को जीवनदान मिल गया। आध्यात्मिकता के अनेक कारण है, भागवत गीता, कालिका पुराण में भी बसंत ऋतु का वर्णन किया गया है।
इस प्रकार से माघ का महीना हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण व आनंददायक है।
संसार के समस्त प्राणियों के जीवन में इस ऋतु का विशेष महत्व है, हर्षोल्लास लिए, सूर्य सा तेज; प्राणियों के जीवन में कुछ नया कार्य करने का अलग ही उत्साह नजर आता है। अतः कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

**रोम रोम हर्षित करे,**
**फैलाए अनुराग।**
**ऋतु वसंत से सज धरा,**
**पुष्पित होते बाग।।**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# मेडिकल कॉलेज से उदयपुर स्वास्थ्य केन्द्र ड्रोन से 20 मिनट में पहुंचा सैंपल

## ड्रोन टेक्निक इन हेल्थ केयर का मेडिकल कॉलेज में हुआ सफल ट्रायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

भारत सरकार के पायलेट प्रोजेक्ट युज ऑफ ड्रोन टेक्नॉलॉजी इन हेल्थ सर्विस डिलीवरी में जिले के राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर का चयन हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर एन गुप्ता ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर से सैंपल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्राप्त किया जायेगा और जांच उपरांत रिपोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर प्रेषित कि जायेगी। जिसके क्रियान्वयन के लिए प्रथम चरण में प्रयोग के तौर पर राजामाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार को प्रथम ट्रायल किया गया, जिसके तहत् मेडिकल कॉलेज से 40 कि.मी. दूर उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से ड्रोन के माध्यम से लेप्टोस्पीरा स्क्रबटाईप्स और डेंगु एलजीएमईएल आईएसए जाँच हेतु सैम्पल, लाये गये। साथ ही साथ ओटी कल्चर हेतु सैंपल भी ड्रोन से भेजे गये। इस प्रोजेक्ट हेतु दो स्व-सहायता समूह की ड्रोन दीदीयों को, ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग हेतु दिल्ली भेजा गया था जिसमें से सैंपल लोडिंग एवं अनलोडिंग के कार्य हेतु एक ड्रोन दीदी को उदयपुर एवं एक ड्रोन दीदी अम्बिकापुर से प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रोजेक्ट के जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज के अस्पताल अधीक्षक नोडल डॉ. रमणेष मूर्ति एवं इंचार्ज डॉ. अरविंद कुमार सिंह हैं। यदि यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो राज्य के समस्त जिलों में इसे लागू किया जावेगा।

उन्होंने बताया कि दूरस्त इलाके से भर्ती मरीज को तत्काल जांच एवं सैपल रिपार्टिग की जानकारी वायु परिवहन के माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराना सरगुजा जिले के लिए एक वरदान साबित होगा।

इससे समय की बचत के साथ आपातकालीन स्थिति में मरीजों को बचाने में सुविधा होगी। प्राय- दुरस्थ क्षेत्र से आपातकालीन स्थिति में उच्च स्तरीय जांच हेतु परीवहन करना पड़ता है। ड्रोन सुविधा प्रदाय करने वाली संस्था काईट मैप के माध्यम से मेडिकल कालेज अम्बिकापुर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर के मध्य ब्लड सैम्पल परिवहन हेतु परिक्षण उडान आयोजित किया गया ताकि ऐसे लैब संबंधित जांच जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे नही होती हैं का जांच किया जा सके। ड्रोन को मेडिकल कालेज अम्बिकापुर से उदयपुर पहुचने मे 30 मिनट का समय लगा जहां उदयपुर के झिरमिटी स्टेडियम ग्राउंड मे उसका सफल लैडिंग कराया गया, इनके द्वारा 15 मिनट के अंदर ब्लड सैपल जिसका वजन लगभग 600 ग्राम था, ड्रोन मे लोड कर दिया गया व काईट मैप कम्पनी के कर्मचारी जो पहले से मैजूद थे उनके द्वारा वापस ड्रोन को मेडिकल कालेज अम्बिकापुर भेज दिया गया। इस अवसर पर नोडल डॉ. रमणेश मूर्ति एवं इंचार्ज डॉ. अरविंद कुमार सिंह, पैथोलाजिस्टडॉ दीपक गुप्ता, लैब टैक्निशियन अषोक पुरकैत, खण्ड कार्यक्रम प्रंबंधक, भानेश गौरव,ड्रोन दीदी सुश्री संध्या बारी उपस्थित रहे।





### छत्तीसगढ़ से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज को मिली है यह सुविधा

ड्रोन तकनीक इन हेल्थ केयर के लिए भारत सरकार द्वारा 25 मेडिकल कालेज का चयन किया गया है। जिसमें 10 राज्यस्तरीय मेडिकल कॉलेज शामिल है। जिसमें छत्तीसगढ़ से राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंह देव मेडिकल कालेज अंबिकापुर को भी शामिल किया गया है। शेष छत्तसगढ़ से किसी भी मेडिकल कालेज को इस योजना में शामिल नही किया गया है। वहीं इसके अलावा रायपुर एम्स को यह सुविधा दी गई है। ड्रोन संचालन व देख रेख के लिए स्व सहायता समूह की बहनों को जिम्मा दिया गया है। जिसका नाम ड्रोन दीदी रखा गया है। महिला बाल विकास विभाग से समन्वय कर मेडिकल कालेज प्रबंधन ने आराधना व उत्कर्ष समूह का चयन किया है। जिसमें आराधनाा सहूह से संध्या व उत्कर्ष सहूह से आरती का चयन किया गया है। इन दोनों को नई दिल्ली में डीजीसीए अप्रूव्ड रिमोट पायलट का प्रशिक्षण दिया गया है। इन दोनों ने एक बार में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पाई हैं। वहीं अन्य मेडिकल कॉलेज के ड्रोन दीदीयों को दो से तीन बार प्रशिक्षण लेना पड़ा। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि ड्रोन पायलट के प्रशिक्षण लेने में किसी भी व्यक्ति को दो लाख से ज्यादा का खर्च पड़ता है। पर आरती व संध्या को निःशुल्क ट्रेनिंग भारत सरकार द्वारा दी गई है। अंबिकापुर मेडिकल कालेज से ड्रोन को उड़ाने का काम आरती और उदयपुर में संध्या करेंगी।

### 1 किलो वजन का भेजा गया सौंपल

तीन माह बाद नई दिल्ली में इस सुविधा को लेकर विचार मंथन होगा। जिन-जिन मेडिकल कॉलेज में या सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है वहां से फीडबैक लिए जाएंगे। सभी अनुभवों के आधार पर व्यवस्था में और सुधार के साथ अगले चरण में देश के अन्य मेडिकल कॉलेज में भी यह सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। ड्रोन कंपनी के इंजीनियर ने बताया कि ट्रायल के दौरान लगभग एक किलो वजन के सैंपल को बेहतर तरीके से पैक कर उदयपुर अस्पताल भेजा गया। अंबिकापुर से उदयपुर अस्पताल की हवाई दूरी लगभग 40 किलोमीटर की है। ड्रोन के माध्यम से पांच किलो वजन तक के समान 100 किलोमीटर से 120 किलोमीटर की हवाई दूरी तय कर आसानी से भजा जा सकता है। डीन ने बताया कि तीन कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। जिसका बेहतर होगा उसे काम के लिए दिया जाएगा। पहले दिन बंगलुरू की कंपनी काइट्स मैप का ट्रायल किया गया है। ट्रायल के लिए छोटे और कम वजन का ड्रोन प्रयोग किया गया। वहीं दो और कंपनियों के ड्रोन का ट्रायल किया जाना है। जिसका बेहतर होगा उसे निविदा दिया जाएगा।

# जंगल की आग रोकने में ग्रामीणों के साथ छात्रों की भी महत्वपूर्ण भूमिका

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।




सेमरसोत अभ्यारण्य परिक्षेत्र बलरामपुर के ग्राम कंडा, पुटसू एवं दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र सीतारामपुर के ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में वन्यजीवों एवं जंगली हाथियों से बचाव के तरीकों एवं प्रबंधन पर विचार संगोष्ठी और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन संरक्षक वन्यप्राणी के निर्देशन एवं उप निदेशक एलीफेंट रिजर्व सरगुजा के मार्गदर्शन में अमलेन्दु मिश्र हाथी विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जंगली हाथियों के आवागमन के चिन्हित मार्गो की पहचान, हाथियों की संख्या, हाथियों के प्रवास के कारण और उनसे होने वाली क्षति और बचाव के उपाय पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में ग्राम कंडा, पुटसू और सीतारामपुर के माध्यमिक शाला स्तर तक के स्कूली छात्र-छात्राओं को वन्यजीव ,जंगली हाथियों के व्यवहार और वनों के संरक्षण एवं विकास में उनकी भूमिका पर विस्तार से बताया गया। अमलेन्दु मिश्र हाथी विशेषज्ञ ने बताया कि जंगल की आग कैसे हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है। आग वनो को जलाकर उसके पुनरोत्पादन क्षमता को कम कर देते हैं जिसका सीधा असर वनवासियों और वन्यजीवो को होगा जिससे आपसी बढ़ जायेगा। जंगल की आग रोकने में ग्रामीणों के साथ छात्रों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम में सेमरसोत अभ्यारण्य के अधीक्षक बीएस भगत ,गेम रेंजर बनारसी सिंह, ग्राम सरपंच ग्रामीणजन, शिक्षकगण एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन मकान में फांसी पर लटकती मिली कार्मेल स्कूल के छात्रा की लाश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



शहर के कार्मेल स्कूल के छात्रा की फांसी पर लटकती लाश रविवार को नमनाकला स्थित एक निर्माणाधीन मकान में मिलने से सनसनी फैल गई। 15 दिन के भीतर कार्मेल स्कूल की छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने की यह दूसरी घटना है। हालांकि शुरूआती जांच में इस घटना का स्कूल प्रबंधन से कोई लेना देना नहीं है। मृतका के पिता ने एक युवक पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस इसी बिन्दु पर मामले की जांच कर रही है।

अनुष्का मिंज पिता जयफूल मिंज उम्र 15 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के नमनाकला की रहने वाली थी। वह कार्मेल स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा थी। रविवार को अनुष्का अपने माता-पिता के साथ नमनाकला चर्च कई थी। वहां से उसके पिता ने पढ़ाई करने के लिए दोपहर में घर भेज दिया। दोपहर लगभग तीन बजे उसके माता-पिता घर पहुंचे तो ताला बंद था और बेटी घर में नहीं थी। बेटी को फोन लगाया तो उसका मोबाइल भी स्वीच ऑफ था। शाम करीब 6 बजे नमनाकला स्थित एक निर्माणाधीन मकान में फांसी पर लटकती हुई उसकी लाश पाई गई। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवया। जहां छात्रा के शव का पीएम सोमवार की सुबह परिजन की उपस्थिति में कराया गया।

# शासकीय पीजी कॉलेज अम्बिकापुर में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन हुआ सम्पन्न



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के सभा कक्ष में महाविद्यालय में सन 1960 से लेकर अब तक 2023 तक के भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया। भूतपूर्व छात्र महाविद्यालय के धरोहर होते हैं एवं विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महाविद्यालय का नाम रौशन करते हैं। विदित है कि राजीव गांधी शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के भूतपूर्व छात्र उच्च न्यायालय के न्याधाधीश, शासन में उच्च पदों पर आसीन हैं, साथ ही शासन स्तर पर मंत्री एवं सांसद एवं विधायक के अति सम्मानित पदों पर रह कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। आज के भूतपूर्व छात्रों के महासमागम में आलोक दूबे, संजय अम्बष्ट, निश्चल प्रताप सिंह, प्रवीण गुप्ता, विश्व विजय तोमर, तेजेन्दर सिंह बग्गा, सुजाता सिंह, विकास पाण्डेय, प्रदीप शर्मा, परमानन्द तिवारी,जयेश वर्मा इत्यादि भूतपूर्व छात्र उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता एवं स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला द्वारा किया गया। सम्मेलन में आलोक दूबे द्वारा भूतपूर्व छात्र संगठन के विस्तार पर जोर दिया साथ ही संजय अम्बष्ट द्वारा महाविद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका का अशवासन दिया गया।

यह विदित है कि भूतपूर्व छात्र महाविद्यालय के विकास में महती भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय में कार्यरत अधिकांश प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक भी महाविद्यालय के ही भूतपूर्व छात्र हैं जो सम्मेलन में उपस्थित रहे जिनमें राजकमल मिश्रा, अनिल सिन्हा, अजयपाल सिंह, रमेश कुमार जायसवाल मिलेन्द्र सिंह, आशुतोष कौशिक, विजय लक्ष्मी शास्त्री, जैर्मिना तिर्की, सरोज तिर्की, अनिशा लकड़ा इत्यादि उपस्थित रहीं।

## चार पहिया वाहन में स्टंट दिखाते वीडिया वायरल,पुलिस ने परिजन के सामने छात्रों को दी समझाइश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के एक निजी स्कूल के छात्रों द्वारा चार पहिया वाहन में स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर कोतवाली पुलिस ने छात्रों का पहचान कर उनके परिजन को तलब किया है।



पुलिस ने परिजन व छात्रों को बुलाकर कोतवाली में समझाइश दी है। इस दौरान पुलिस ने नाबालिगों को उनके परिजन के सामने जमकर फटकार लगाई है। और दुबारा नहीं करने की हिदायत के साथ वापस भेज दिया।

शहर के एक निजी स्कूल में कुछ दिन पूर्व फेयरवेल का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद छात्रों द्वारा स्कूल परिसर में चार पहिया वाहन में खतरनाक स्टंट दिखाने का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में छात्र कार से बाहर निकलकर स्टंट दिखा रहे हैं। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने मामले में सभी नाबालिकों को परिजनों के सामने जमकर फटकार लगाई है। नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक ने बताया कि लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे थे। सभी स्टंटबाज नाबालिकों को आज परिजनों के साथ तलब किया गया था। सभी को फटकार लगाई गई है और साथ ही ऐसा दुबारा नहीं करने चेतावनी भी दी गई है। मामले में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# पार्टी के खातों को फ्रिज करने के विरोध,जिला कांग्रेस ने जताया विरोध

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।




केन्द्र सरकार के इशारे पर कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रिज करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने आयकर कार्यालय के सामने धरना दे अपना ज्ञापन सौंपा है। 17 फरवरी को पार्टी के ट्रेजरार अजय माकनने प्रेस कांफ्रेंस कर यह बताया था कि कांग्रेस पार्टी के साथ साथ युवक कांग्रेस के भीखाते आयकर विभाग के निर्देश पर फ्रिज कर दिये गये हैं। इनके वजह से पार्टी अपने रोज के खर्चे भी नहीं चला पा रही है और पार्टी का कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के खाते में जमा पैसा क्राउड फडिंग के माध्यम से यूपिआई से लिया गया है जो कि पूर्णत- ईमानदारी से एकत्र पैसा है। ईमानदारी से चंदा एकत्र करने वाले के खिलाफ आयकर विभाग एक्शन ले रहा है, वहीं भाजपा सुप्रीम कोर्ट के द्वारा असंवैधानिक घोषित इलेक्टोरल बॉड से हजारो करोड इकट्ठा किये हुए है उसपर आंख मूद कर तमाशा देखा जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के द्वारा आज आयकर कार्यालय के समक्ष धरना देकर जिला उपाध्यक्ष मो0 इस्लाम के नेतृत्व में एक ज्ञापन आयकर निरिक्षक एम0पी केरकेट्टा को सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की गई है कि आयकर विभाग को सभी संस्थाओं के साथ एक जैसा व्यवहार करना चाहिये। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस के खातों को चालू करने का आग्रह किया गया है। इस दौरान अब्दुल अब्बास, दुर्गेश गुप्ता, धनश्याम अग्रवाल, अनूप मेहता, लवकेश पासवान, आशीष वर्मा, अविनाश कुमार, अभिषेक शुक्ला, दिनेश शर्मा, तृप्त राज धंजल, मो0 इमरान, कपिल मित्तल, असलम खान आदि उपस्थित थे।

# लाखों की आय का झांसा देकर मार्केटिंग कंपनी ने की युवाओं से ठगी,एसपी से शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



मार्केटिंग में लाखों की आय का झांसा देकर ठगी के शिकार हुए युवक-युवतियों ने सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंच शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर में एक मार्केटिंग कंपनी (वर्चुअल फैशन) द्वारा नौकरी का झांसा देकर युवक-युवतियों से ठगी करने का मामला सामने आया है। युवतियों ने बताया कि उन्हें, एक कंपनी में नौकरी के नाम पर ज्वाइन कराया जाता है। कंपनी का आफिस शहर के मनेन्द्रगढ़ रोड़ में स्थित है। इसके बाद वहां फैशन के क्षेत्र में काम करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि ज्वाइनिंग के दौरान मार्केटिंग के जरिए अच्छी आय देने का झांसा दिया जाता है। ज्वाइनिंग से पहले युवक युवतियों से प्रोडक्ट देने की बात कहकर किसी से 14 हजार तो किसी से 35 से 70 हजार रुपए ले लिया गया और कहा गया कि आगे बढने के लिए हर सदस्य को चार और सदस्यों को जोडना होगा। बाद में न तो किसी को कोई प्रोडक्ट दिया गया और न ही पैसा दिया गया। पैसा वापस मांगने पर कम्पनी के लोग लगातार टाल-मटोल कर रहे हैं। इससे परेशान युवक-युवतियों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर मामले की शिकायत की है। एसपी के निर्देश पर पुलिस मामले में जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पूर्व में ठगी के मामले में संचालक जा चुका है जेल

इस कंपनी द्वारा पूर्व में भी सैकड़ो युवक-युवतियों को ठगा गया था। पूर्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संचालक को जेल भी भेजा था। बावजूद इसके पुन- इस कंपनी का संचालन शुरू कर शहर में खुलेआम भोले-भाले युवक-युवतियों को ठगा जा रहा है। प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक ने इस संबंध में कहा कि मामले में शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा।

## शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं ने रैली तथा फ्लैश मोब. कर शहरी मतदाताओं को किया जागरूक




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत आगामी लोकसभा निर्वाचन में आम नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान के प्रति प्रेरित करने हेतु अंबिकापुर के नेकी की दीवार के समीप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर के निर्देशन में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं ने शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली तथा फ्लैश मोबाईल का आयोजन किया। इस दौरान लोगों को मतदाताओं के मतदान के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव ने लोगों को भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान हेतु मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान स्वीप सहायक नोडल गिरीश गुप्ता, जिला सिर्फ कमेटी के रजनीश मिश्रा, अशोक सिंह, मनोज, सत्यनारायण भगत, प्रीति तिवारी, इंदु मिश्रा, किरण, शिव, कमलेश वर्मा शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

# पाक अदालत ने प्रधानमंत्री काकर को लगाई फटकार, कहा- कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं

इस्लामाबाद, 19 फरवरी 2024। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने लापता बलूच छात्रों से जुड़े मामले में सोमवार को दूसरी बार अदालत में पेश नहीं होने पर पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर को फटकार लगाई। अदालत ने पीएम काकर को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत के समक्ष पेश होने को अपमान नहीं समझना चाहिए।

पाक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जज ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 फरवरी तक स्थगित करते हुए पीएम काकर फिर से तलब किया है।



### नवंबर में भी अदाल के समक्ष पेश नहीं हुए थे काकर

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री काकर दूसरी बार अदालत के सामने पेश होने में विफल रहे हैं। पिछले साल नवंबर में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सरकार को लापता बलूच छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा था कि अगर अधिकारी आदेश का पालन करने में विफल रहे, तो प्रधानमंत्री काकर को अपने मंत्रियों और गृह व रक्षा सचिवों के साथ 29 नवंबर को अदालत में पेश होना होगा। लेकिन काकर अदालत में पेश नहीं हुए थे, क्योंकि तब वह विदेश दौरे पर थे।

रिपोर्ट के अनुसार, पाक सरकार अदालत को बार-बार यह आश्वासन देती है कि लापता छात्र जल्द घर लौट आएंगे। अदालत ने 13 फरवरी को पिछली सुनवाई के दौरान आश्वासन के बावजूद बलूच छात्रों को बरामद करने में सरकारी अधिकारियों की विफलता के कारण पीएम काकर और उनके दो कैबिनेट मंत्रियों को तलब किया था। सोमवार को जस्टिस कयानी ने फिर से लापता छात्रों पर जांच आयोग की सिफारिशों के अमल के संबंध में याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को तलब करने का उद्देश्य यह जानना था कि वह अपने कर्तव्यों में विफल क्यों हो रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जबरन गायब किए गए बलूच लोगों का पता लगाने और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों या संगठनों पर जिम्मेदारी तय करने के लिए 2011 में जांच आयोग की स्थापना की गई थी।

### बलूचों के दमन के लिए कुख्यात है पाक सेना

संसाधन संपन्न बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, लेकिन आबादी सबसे कम है। अलगाववादी विद्रोह के कारण यहां लंबे समय से अशांति है। यहां पाकिस्तानी सेना द्वारा बलूचों के क्रूर दमन और लोगों को जबरन गायब करने की घटनाएं आम हैं। पिछले साल नवंबर में पाक सरकार ने स्वीकार किया था कि बलूचिस्तान में करीब 50 लोग गायब हुए हैं। पिछले साल 29 नवंबर को सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान ने अदालत को सूचित किया कि 50 लापता व्यक्तियों में से 22 को बरामद कर लिया गया है, जबकि 28 अन्य का कोई सुराग नहीं मिला है।

# चुनाव जीतने वाले निर्दलीय प्रत्याशी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे,इमरान की पार्टी का दावा



इस्लामाबाद, 19फरवरी 2024। आठ फरवरी को पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में जीत हासिल करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने यह दावा किया है। सुन्नी इत्तेहाद परिषद मुस्लिम बहुल देश में इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का गठबंधन है, जो सुन्नी अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा कि नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। दरअसल, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें अपने नाम की थीं, लेकिन वे बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाए थे। इस वजह से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे गठबंधन सरकार बनाएंगे।

नियमों के तहत चुनाव जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के 3 दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। इस बीच इमरान खान की पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा दांव मिला, जब रावलपिंडी के गढ़ शहर में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि परिणामों में धांधली हुई है। उन्होंने मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश को भी घसीटा। इन सब के बीच उत्साहित पीटीआई ने रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की।

### कैसे रहे चुनाव परिणाम

चुनावों में जेल में बंद इमरान खान की पीटीआई पार्टी की ओर से समर्थित उम्मीदवारों समेत कुल 93 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नेशनल असेंबली की सीटें जीतीं। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं, जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने भी 17 सीटों पर जीत दर्ज की। यहां सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में लड़ी गई 265 सीटों में से 133 सीटें चाहिए होंगी।

# कोर्ट ने सेना के वरिष्ठ अधिकारी को किया तलब,चुनाव रद्द करने की याचिका लगाने के बाद नहीं हुए थे पेश

इस्लामाबाद, 19 फरवरी 2024। पाकिस्तान की सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को सेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को तलब किया। अधिकारी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत में पेश नहीं हुआ था, जिसमें कथित धांधली के कारण आम चुनाव के नतीजे अमान्य घोषित करने की मांग की गई है।

देश में आठ फरवरी को विवादास्पद चुनाव हुए थे। इसके बाद चुनाव के नतीजे सामने आए तो कई दलों ने इसमें बड़े स्तर धांधली के गंभीर आरोप लगाए। मतदान के दस दिन बाद भी यह साफ नहीं हो पाया है कि देश में अगली संघीय सरकार कौन दल बनाएगा।

**संसदीय चुनाव के आए त्रिशंकु नतीजे**

आम चुनाव के त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। इसमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने संसद की सबसे ज्यादा सीट पर जीत हासिल की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने एलान किया है कि वे गठबंधन सरकार बनाएंगे।




पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन का मतलब होगा कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी संघीय सरकार नहीं बना पाएगी।

### सुनवाई 21 फरवरी तक स्थगित

इसने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी। लेकिन मीडिया में पहले से रिपोर्ट की गई थी। अदालत ने यह भी कहा कि संपर्क करने पर याचिकाकर्ता का फोन नंबर बंद पाया गया। इसके बाद शीर्ष अदालत ने रक्षा मंत्रालय के जरिए से पाकिस्तान के पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को नोटिस जारी किया और सुनवाई 21 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

# चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू पर महाभियोग चलाने की तैयारी,मालदीव के मंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

माले, 19 फरवरी 2024। मालदीव में विपक्षी दल चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहे हैं। इसको लेकर देश के इस्लामिक मामलों के मंत्री मोहम्मद शहीम अली सईद ने कहा कि उनकी सरकार विपक्ष को ऐसा करने की इजाजत नहीं देगी। सईद ने विपक्ष पर चुनी हुई सरकार को अवैध रूप से गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

मुइज्जू और सईद ने रविवार को आबादी के लिहाज से मालदीव के दूसरे सबसे बड़े शहरी क्षेत्र अड्डू का दौरा किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान सईद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू सरकार को देश के भीतर और बाहर से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के खिलाफ लगातार गलत सूचनाएं और बेबुनियाद अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जवाबदेह ठहराना विपक्ष की जिम्मेदारी है। लेकिन लोगों द्वारा चुनी गई सरकार के लिए बाधाएं पैदा करना और उसे गिराने की कोशिश करना अनुचित है। विपक्ष के ऐसे प्रयासों से देश के लोगों को ही नुकसान उठाना पड़ता है।



### राष्ट्रपति मुइज्जू को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

बता दें, विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) पिछले महीने राष्ट्रपति मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए संसद में प्रस्ताव पेश करने की कोशिश की थी। लेकिन इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति मुइज्जू को राहत देते हुए मालदीव के सुप्रीम कोर्ट ने संसद के स्थायी आदेशों में हालिया संशोधन को निलंबित करने का आदेश था। इन संशोधनों से विपक्षी सांसदों के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पर महाभियोग चलाना आसान हो गया था।

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भारत विरोधी टिप्पणी को लेकर अपने देश के भीतर आलोचनाओं का सामने कर रहे हैं। विपक्षी दल उनके भारत विरोधी रुख के खिलाफ हैं। जनवरी में भारत को सबसे पुराना सहयोगी बताते हुए एमडीपी और अन्य विपक्षी दलों ने मुइज्जू सरकार के भारत विरोधी रुख पर चिंता जाहिर की थी।

### विपक्ष ने विरोध को खेल में बदल दिया...

मुइज्जू सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि विपक्ष ने विरोध को एक खेल में बदल दिया है। चिंता की बात यह है कि अब वे उस स्तर पर पहुंच गए हैं कि देश के लोगों द्वारा चुने गए राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने पर चर्चा कर रहे हैं। सईद ने जोर देकर कहा है कि विपक्ष अपने इस मकसद में कभी कामयाब नहीं होगा। वे राष्ट्रपति पर महाभियोग नहीं चला सकते हैं। उनके इस कदम से कुछ हासिल होने वाला नहीं है।

# मैनपाट महोत्सव के अवसर पर सायकल रेस 22 फरवरी को, पंजीयन हेतु अंतिम तिथि आज

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मैनपाट महोत्सव आयोजन के अवसर पर साईकिल रेस का आयोजन किया जाएगा। यह रेस 22 फरवरी को घड़ी चौक अम्बिकापुर से होते हुए मैनपाट रोड नवापारा कला तक कुल 30 कि.मी. की होगी। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के प्रतियोगी भाग लें सकेंगें, प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में आयोजित होगी। पुरूष वर्ग के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 21000 रूपये, द्वितीय को 11000 रूपये और तृतीय को 5100 रूपये तथा महिला वर्ग के प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 21000 रूपये, द्वितीय को 11000 रूपये और तृतीय को 5100 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार 10 प्रतिभागियों को प्रत्येक को 1100 रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगियों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, कलेक्टोरेट परिसर अम्बिकापुर में 20 फरवरी तक कार्यालयीन समय में अपना पंजीयन करा सकते है।

**खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में कर सकते हैं पंजीयन**

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु लगातार सर्वे जारी

**बचाव हेतु मच्छरदानी एवं फायलेरिया रोधक दवा का किया जा रहा वितरण**

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शासन द्वारा प्रदेश को फायलेरिया मुक्त बनाने के लिए ग्रामों का सर्वे कर फाइलेरिया रोधी दवाएं और मच्छर दानी का वितरण किया जा रहा है।जिले में फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार गांवों का सर्वे किया जा रहा है। लोगों को इस रोग से सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक दवा सेवन कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वे में फायलेरिया से प्रभावित चार गांवों का चिन्हांकन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार गांव के सभी घरों में मच्छरदानी वितरण कर फायलेरिया रोधक दवा का सेवन कराया जा रहा हैं। बता दें फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र व राज्य स्तर पर वर्ष 2027 तक फ़ाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है ताकि बढ़ते फायलेरिया को कम किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग से जारी दिशा-निर्देश के बाद गांव का सर्वे किया जा रहा है। जहां फायलेरिया (हाथीपांव) की शिकायत ज्यादा है वहां फायलेरिया रोधक दवा का वितरण किया जा ता है। फायलेरिया संक्रमण मच्छर के काटने से फैलेने वाला एक भयावह रोग है। प्रभावित व्यक्ति के शारीरिक अंगों में सूजन के पश्चात उपचार या ऑपरेशन सफल नहीं होता। इसकी पहचान सूजन आने से होती है, अतः इससे बचाव ही इसका एकमात्र उपचार है । क्योंकि यह संक्रमण मच्छर से फैलता है, अतः मच्छरदानी का उपयोग करके ही इससे बचा जा सकता है।



# सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।


जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दस्ता से संबंधित टीम द्वारा अम्बिकापुर में अमानक तम्बाकू उत्पाद पर क्रय एवं विक्रय करने, नाबालिकों के द्वारा उत्पाद के विक्रय एवं सेवन करने तथा कोटपा एक्ट की धाराओं के पालन न करने पर तम्बाकू एवं धूम्रपान निषेध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पान-मसालों संचालकों के द्वारा नियम विरूद्ध तम्बाकू के उत्पाद का क्रय-विक्रय करने, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से तम्बाकू उत्पाद के क्रय-विक्रय कराने पर 05 वर्ष की सजा एवं 5000 रूपये तक का जुर्माना तथा सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान करने तथा उल्लंघन करने, तम्बाकू उत्पाद व्यवसायी के द्वारा बैठाकर तम्बाकू एवं धूम्रपान का सेवन कराने सम्बन्धी जांच की जा रही है। कोटपा अधिनियम की धारा 7 के तहत 85 प्रतिशत तम्बाकू एवं सिगरेट उत्पाद में वैधानित चित्रित होना आवश्यक है जिसमें तम्बाकू से पीड़ादायक मौत होती है व तम्बाकू छोड़ने के लिये टोल फ्री नम्बर 1800112356 अंकित रहना जरूरी है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान चौक-चौराहे, सिनेमागृह, शिक्षण संस्थान, मेला, रेस्ट्रोरेंट, मैनपाट पर्यटन स्थल में धूम्रपान करते पाये जाने पर या धूम्रपान कराये जाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।

# शाखा एवं शारीरिक उपक्रम से मानसिक एवं शारीरिक दृढ़ता विकसित होती है : विश्वास जलतारे

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अंबिकापुर नगर का शारीरिक प्रकट कार्यक्रम बजरंग मैदान नावापारा मे आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने योग,व्यायाम योग,दंड योग,नि युद्ध जैसे विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। घोष दल के द्वारा घोष की विभिन्न रचनाओं का प्रदर्शन किया गया। इस प्रकट कार्यक्रम के लिए स्वयंसेवक कई दिनों से अलग-अलग स्थान पर सामूहिक अभ्यास कर रहे थे। इस प्रकट कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र सिन्हा ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत शारीरिक प्रमुख विश्वास जलतारे ने कहा कि हर जिला केंद्र का शारीरिक प्रकट कार्यक्रम पूरे प्रांत में सुनिश्चित हुआ है उसी क्रम में यह कार्यक्रम आज अम्बिकापुर नगर में आयोजित हुआ है। उन्होने बताया कि अयोध्या धाम में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से समुचित विश्व में उत्साह का माहौल है।



उन्होंने सत्य,करुणा,सुचिता तथा के संदर्भ में भी वर्णन करते हुए कहा कि हम कामना करते हैं कि धर्म के संरक्षण के लिए हमें ऐसी शक्ति मिले की हम भारत को परम वैभव के शिखरोत्कर्ष तक ले जाएं। हम स्वयंसेवक समाज कल्याण हेतु सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि शाखा एवं शारीरिक उपक्रम से मानसिक एवं शारीरिक दृढ़ता विकसित होती है संघ समाज में अनुशासित, धैर्यवान, चरित्रवान, निष्ठावान व्यक्तित्व का निर्माण करता है। संघ में सामूहिक कार्यक्रम से सबके बीच आत्मीयता बढ़ती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रान्त सेवा प्रमुख लोमस राम, जिला संचालक भगवान दास बंसल एवं नगर संचालक अशोक सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अभय पालोरकर ने आभार प्रकट किया।

# अमानत में खयानत के मामले में धौरपुर पुलिस की कार्यवाही

- » फरार आरोपी चालक को घेराबंदी कर किया गया गिरफ्तार
- » आरोपी के कब्जे से नगद 25000/- रूपये की बरामदगी

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

8 फरवरी 2024 को प्रार्थी क्रेशर संचालक सियाराम यादव पिता दुखीराम यादव निवासी चन्देश्वरपुर, थाना धौरपुर में इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि लटोरी, जिला सूरजपुर निवासी महेश जायसवाल के आर्डर पर प्रार्थी के भतीजा के हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 15 डीसी 2226 में 850 स्क्वॉयर फिट गिट्टी जिसका भाड़ा 25000/- रूपये था, को धौरपुर क्रेशर से लोड़ कराकर वाहन चालक अमरदीप किण्डो पिता एलियस किण्डो, उम्र 38 वर्ष, ग्राम बाड़ी खजरी थाना भण्डरिया जिला गढ़वा झारखण्ड के माध्यम से भेजा गया था, हाईवा वाहन व चालक शाम तक वापस नहीं आने पर महेश जायसवाल से प्रार्थी द्वारा सम्पर्क कर पता लगाया, तो महेश जायसवाल द्वारा गिट्टी का भाड़ा सहित ड्राईव्हर को 25000/- रूपये देकर धौरपुर रवाना किया जाना बताया, तथा पता-तलाश दौरान हाईवा वाहन धौरपुर टर्निंग के पास बंद हालत में तथा चाबी वाहन में ही पाया गया, और ड्राईव्हर अमरदीप किण्डो भाड़े का पूरा पैसा लेकर भाग गया था। अमरदीप किण्डो के निवास ग्राम में अन्य वाहन के चालक लालबाबू यादव को भेजकर पता लगाया गया, जो अमरदीप किण्डो द्वारा भाड़े के पैसे 25000/- रूपये को नहीं दूंगा जो करना है कर लेगा बोला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना धौरपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, तथा आरोपी चालक अमरदीप किण्डो का उसके निवास ग्राम बाड़ी खजरी थाना भण्डरिया से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 25000/- रूपये नगद राशि बरामद कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।



उक्त प्रकरण निराकरण करने में धौरपुर प्र.आर. जगसाय मरकाम, आरक्षक अरविंद सिंह, सैनाथ लकड़ा, मुनेश्वर पन्ना का विशेष सहयोग रहा।

# नए पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल के प्रथम दिन ही चोरों ने दिया बड़ी चोरी के वारदात को अंजाम!





क्या कोरिया के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को पदभार ग्रहण करते ही चोरों ने दी चुनौती...हुई आठ लाख की चोरी?

क्या इस बार कोरिया पुलिस नए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुलझा पाएगी चोरी की गुत्थी?

मामले में डॉग स्क्वायड की भी ली जा रही मदद,कुत्ता बारूद मामले में सहायक मात्र,यह भी सूत्रों का है कहना

चोरी जिसके घर हुई उसके घर के सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को भी ले गए चोर,पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी से सुराग जुटाने में लगी

पटना क्षेत्र में लगातार हो रही है चोरी की घटना, अब तक पुलिस किसी भी मामले में चोरी का मामला सुलझा पाने में रही है असफल क्यों?

चार पुलिस थानों के जिले में चोरों के हौसले इतने बुलंद की राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर स्थित दुकान में कर डाली चोरी







-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/पटना,19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के नए पुलिस अधीक्षक का कोरिया जिले में कार्यभार ग्रहण करना और चोरी की एक बड़ी वारदात का सामने आना,यह दोनों विषय बताता है की चोरों ने नए पुलिस अधीक्षक को नए जिले में पदभार ग्रहण करते ही चुनौती दे डाली है और वह यह साबित करना चाह रहे हैं की विगत कई चोरी के मामले जो अनसुलझे ही रह गए वैसे ही यह मामला भी अनसुलझा रह जायेगा और वह बच निकलेंगे पहले की ही तरह।

मिली जानकारी के अनुसार पटना थाना क्षेत्र में चोरी की घटना कम होने के बजाए बढ़ते जा रही है, सिलसिलेवार हो रही चोरी के बावजूद एवं सीसी टीवी फूटेज हाथ लगने के बाद भी चोरों तक पहुंचने में पुलिस को सफलता हाथ नहीं मिल रही है, क्षेत्र में बढ़ती चोरी के मामलों को देखते हुए अब लोग भयभीत भी होने लगे हैं हांलांकी पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में रात्री गश्ती हो रही है इसके बाद भी चोरों द्वारा सिलसिलेवार चोरी की घटना को अंजाम देकर निकल जाना और पुलिस पकड़ में न आना लोगों के समझ से परे है। बीती रात पटना निवासी बसंत सोनी की नेशल हाईवे क्रमांक 43 सड़क किनारे स्थित निवास में संचालित



लाल कुंवर ज्वेलर्स एण्ड मेटेलाईज के दुकान का शटर तोड़ कर अज्ञात चोर दुकान में घुसे और दुकान में रखे चांदी का पायल, बिछिया, चांदी का अंगूठी, कमरधनी, चांदी का चेन, बांसूरी, आर्टिफिशियल ज्वेलर्स, 15 ग्राम सोना सहित गल्ले में रखे चेंज पैसे करीब 7 लाख की चोरी कर फरार हो गए, सुबह सोकर उठने पर दुकान संचालक व उनके परिवार के सदस्यों को चोरी के घटना की जानकारी हुई, चोरों ने दुकान के सामनों को पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया व कुछ सामान व डिब्बों से सोना चांदी के सामान निकालकर खाली डिब्बे दुकान के बाहर फेंक दिया था। धटना की जानकारी पुलिस को दी गई तत्परता दिखाते हुए पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच पंचनामा कर वापस लौट गई। शाम तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग या जानकारी पुलिस नहीं जुटा सकी थी। इसी तरह रनई एवं बांस पारा के बीच शुभम सोनी के घर में भी अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, चोरों ने घर का ताला तोड़ कर घर में घुसने का प्रयास किये लेकिन घर मेंसो रहे लोगों के जग जाने के कारण चोर उल्टे पांव वापस भाग गए। घटना की सूचना शुभम सोनी द्वारा पटना पुलिस को दी गई है लेकिन अज्ञात चोरों का पता नहीं चल सका है।

## पुलिसकर्मी जिनकी है कई शिकायत उनकी शिकायतों की जांच और उसमे शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का भी काम करना होगा नए पुलिस अधीक्षक को

कई पुलिसकर्मी जिले में ऐसे हैं जिनकी कई शिकायत पुलिस के पास मौजूद है जिसमे शिकायतकर्ता आज भी न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं,नए पुलिस अधीक्षक को ऐसे मामलों में भी ध्यान देना होगा और जिन पुलिसकर्मियों की कई शिकायतें।हैं उनकी शिकायत की जांच कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने का काम करना होगा तब जाकर लोगों का पुलिस और कानून व्यवस्था पर विस्वास कायम हो सकेगा।

## 5 महिनों के भीतर यहां हुई चोरी,चोरों का नहीं मिला सुराग

थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित बस्सु गैरेज,आदर्श चौक स्थित आयु मेन्स वियर, आर मोबाईल दुकान, बाजार पारा स्थित सहेली जनरल स्टोर्स, हेमंत फोटो स्टुड़ियो,सहेली जनरल स्टोर्स, सोनी फोटो स्टूड़ियो, जोगेश ठाकुर सैलून दुकान के साथ साथ बालेन्दु सागर मेढ़ में स्थित 2 मुर्गा दुकानों में चोरी की घटना हो चुकी है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस पहुंची भी और जांच पंचनामा के बाद क्या कार्यवाही हुई इस बात की जानकारी पिड़ितों व आम लोगों को आज तक पता नहीं चल सका और पुलिस भी इन चोरों तक नहीं पहुंच सकी।

## नए पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल के प्रथम दिन ही बड़ी चोरी

फिलहाल नए पुलिस अधीक्षक के जिले के कार्यकाल के प्रथम दिन ही बड़ी चोरी की घटना बड़ी बात है और इसे चोरों की एक चुनौती पुलिस के लिए इसलिए भी कहा जा सकता है की सभी जानते हैं की पुलिस अधीक्षक बदल चुके हैं और नए ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नए पुलिस अधीक्षक के जिले में आते ही बड़ी चोरी की घटना से जिले का पूरा पुलिस महकमा भी बड़ा परेशान है क्योंकि वह भी अब चोरों की हिम्मत को मान रहा है और पूरे मामले में अपनी ही कमी देख रहा है क्योंकि अभी तक हुई कई चोरी के मामले आज तक अनसुलझे हैं। अब नए पुलिस अधीक्षक से लोगों की अपेक्षा है की वह चोरी के मामलों में अपनी कार्यकुशलता और अनुभव का सहारा लेकर मामलो को सुलझाएंगे और चोरों को जल्द सभी के सामने लाकर उन्हें दंड देने का काम करेंगे । वैसे पटना क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी की घटनाओं के बाद सभी लोग चिंतित हैं की अब किसका नम्बर आएगा क्योंकि जब तक चोर पकड़े नहीं जायेंगे चोरों का भय बना रहेगा।

## आठ लाख की चोरी का अनुमान

पटना के राष्टीय राज्यमार्ग पर स्थित ज्वेलरी सह बर्तन दुकान में जो चोरी की घटना हुई है वह लाखों की लगभग आठ लाख की चोरी का मामला है ऐसा बताया जा रहा है। चोरों ने आठ लाख की चोरी दुकान से की यह दुकान मालिक का ही बयान है जो उसने दिया है। चोरों ने राष्टीय राज्यमार्ग से बिल्कुल लगे हुए दुकान में चोरी की है और फिलहाल कोई सुराग पुलिस के हांथ नहीं है यह बड़ी बात है क्योंकि पूरी रात राष्टीय राज्यमार्ग पर आवागमन जारी रहता है और उसके बावजूद चोरों ने ऐसी जगह पर चोरी की घटना को अंजाम देने का निर्णय लिया।

## कई चोरी के घटना में चोर की तस्वीर भी सिसिटिवी कैमरे में कैद हुई लेकिन पुलिस चोर तक नहीं पहुंच सकी

बता दें की पिछले कई माह में जिले के पटना क्षेत्र में कई चोरी की घटना सामने आई और कई में तो चोर की तस्वीर भी सिसिटिवी कैमरे में कैद हुई लेकिन जिले की पुलिस चोर तक नहीं पहुंच सकी और चोर निश्चिंत होकर लगातार चोरी करते रहे और एक के बाद एक दुकान का वह ताला तोड़कर दुकान का सामान पार करते रहे। चार पुलिस थानों के छोटे से जिले में चोरियां भी सबसे ज्यादा पटना थाना क्षेत्र में की गई और जिनमे से एक में भी चोर का न तो पुलिस पता लगा सकी न सुराग ही ढूंढ सकी। क्षेत्र में लगातार चोरियों से जहां क्षेत्र के लोग भयभीत रहने लगे वहीं उन्होंने पुलिस से यह उम्मीद भी जाहिर की की उनके यहां हुई चोरियों का सुराग पुलिस जल्द से जल्द लगाए और उनका चोरी गया सामान वापस दिलाए। वैसे पिछली किसी चोरी मामले में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मामले को सुलझा पाने में असफल ही रहे। अब चोरों ने खासकर पटना क्षेत्र में लगातार चोरी कर रहे चोरों ने नए पुलिस अधीक्षक को भी चुनौती दे डाली है और राष्टीय राज्यमार्ग पर स्थित एक ज्वेलरी सह बर्तन दुकान पर चोरों ने चोरी की है और यह लाखों की चोरी है जैसा दावा किया जा रहा है। चोरों ने यह चोरी उस रात की है जिस सुबह नए पुलिस अधीक्षक ने जिले में कार्यभार ग्रहण किया है, एक तरह से इसे चोरों के द्वारा नए पुलिस अधीक्षक को चुनौती देना माना जा रहा है और अब देखना है की नए पुलिस अधीक्षक इस मामले साथ ही पुराने चोरियों के मामले में कितनी तत्परता दिखाते हैं और कैसे वह अब चोरी की आगे की घटनाओं को रोकते हैं साथ ही वह कैसे इस मामले सहित पुराने मामलो को सुलझाते हैं।

## डाग स्क्वायड दल का कुत्ता है बारूद दूढने में माहिर,उसे चोरी के मामले में भी लाया जाता है उपयोग,चोरी के मामले में कुत्ता नहीं है कारगरःसूत्र

पटना में हुई चोरी के मामले में डाग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है,डाग स्क्वायड दल में जो कुत्ता शामिल है वह केवल बारूद ढूढने में ही कारगर है ऐसा सूत्रों का ही कहना है,चोरी के मामलों में वह कारगर नहीं है यह सूत्र बताते हैं,अब यदि ऐसा है तो कुत्ते का इस्तेमाल चोरी के मामले में करना सुराग ढूढने के लिए कहां तक उचित यह भी बड़ा सवाल है। वैसे यह सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी है इसकी पुष्टि घटती घटना नहीं करता लेकिन यदि यह सच है तो निश्चित ही यह बड़ी बात है।

## बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाना नए पुलिस अधीक्षक के लिए होगी चुनौती,जिले की पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने की है जरूरी

नए पुलिस अधीक्षक के बारे में बताया जाता है की वह काफी तेज तर्रार और पुलिस विभाग में कसावट को लेकर जाने जाते हैं। कोरिया जिले में बढ़ती चोरी की घटना और अवैध कारोबार का बढ़ता साम्राज्य नए पुलिस अधीक्षक के लिए एक चुनौती होगी जिसपर उन्हे अंकुश लगाने की जरूरत होगी। नए पुलिस अधीक्षक के लिए जिले के पुलिस विभाग में भी कसावट लाने की जिम्मेदारी होगी जो फिलहाल बिल्कुल सुस्त पड़ा हुआ है। चुस्त दुरुस्त पुलिसिंग के लिए उन्हे जिले में नए तरीके अपनाने होंगे जिसमे वह काफी माहिर हैं ऐसा माना जाता है। वैसे अब वह किस विधि यह करते हैं यह उनके आगे के कार्यकाल के बाद में समझ आएगा।

## मनचाहे जगह जमे पुलिसकर्मियों को लेकर भी नए पुलिस अधीक्षक को दिखाना होगा कड़ा रुख,अवैध कार्यों को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर भी रखनी होगी नजर

नए पुलिस अधीक्षक को जिले में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए उन पुलिसकर्मियों को लेकर भी निर्णय लेना होगा जो वर्षो से या तो एक ही जगह जमे हुए हैं या जो मनचाही जगह ही जमे रहने में माहिर हैं,उन्हे दूरस्थ पुलिस थानों में भेजकर उन्हे भी कानून व्यवस्था के लिए काम करने नए पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी देनी होगी,जो पुलिसकर्मी अवैध कार्यों को संरक्षण प्रदान करते हैं उन्हे भी लेकर नए पुलिस अधीक्षक को ध्यान देना होगा और उन पर पैनी नजर रखनी होगी तब जाकर जिले की कानून व्यवस्था सुधर सकेगी ऐसी लोगों की मंशा है।

## दुकान की सीसीटीवी डीविआर चोर ले गए अपने साथ,अब पुलिस अलग बगल से ढूंढ रही सीसीटीवी का आधार,जुटा रही सुराग

राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर स्थित जिस दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है वहां जगह जगह भवन में सीसी टीवी लगा हुआ था और अनुमान है की उसमे सबकुछ रिकॉर्ड भी हुआ होगा। चोर भी शातिर निकले और उन्होंने डीवीआर ही गायब कर दिया अपने साथ ले गए। अब पुलिस आसपास सहित कई अन्य जगहों पर लगे सीसी टीवी कैमरों की तलाश कर रही है और उसके आधार पर सुराग ढूढने का वह प्रयास करने वाली है। वैसे इस प्रयास में पुलिस को कितनी सफलता मिलने वाली है यह तो मामला सुलझेगा तब समझ में आएगा लेकिन पुलिस अपने स्तर पर सुराग ढूढने में लगी हुई है।

## जिले में अवैध कारोबार का साम्राज्य समाप्त करने करना होगा कड़ाई से कानून व्यवस्था लागू

नए पुलिस अधीक्षक को जिले में अवैध कारोबार समाप्त करने के लिए कड़ाई से कानून व्यवस्था लागू करने का काम करना होगा। जिले में कोयला,अवैध शराब,जुआ,नशीली दवाओं सहित मादक पदार्थों की बिक्री का बड़े स्तर पर अवैध कारोबार होता चला आया है। यह सभी अवैध कारोबार बिना संरक्षण प्राप्त किए चलता आया है ऐसा कहना गलत होगा। नए पुलिस अधीक्षक को यह सब कुछ रोकने के लिए सबसे पहले संरक्षण प्रदान करने वालों का नाम पता करना होगा साथ ही उन्हे भी कड़ाई से निर्देशित करना होगा तब जाकर यह सब रुक सकेगा।

## नए पुलिस अधीक्षक के आते ही बड़ी चोरी की घटना आई सामने, अब इसे चुनौती मानकर पुलिस को सुलझाना होगा यह मामला

नए पुलिस अधीक्षक के जिले में आते ही बड़ी चोरी की घटना सामने आई है और अब यह पुलिस और नए पुलिस अधीक्षक ने लिए चोरों की तरफ से चुनौती है ऐसा मानकर पुलिस को काम करना होगा। जिले में पूर्व पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल में हुई चोरियों की गुत्थी खासकर पटना सहित क्षेत्र में हुई चोरियों की गुत्थी पुलिस सुलझा नहीं पाई है और उसमे यह बड़ा मामला। पुलिस को एक चुनौती मानकर पूरे मामले में काम करना होगा और तब जाकर इस मामले में साथ ही अन्य मामलो में पुलिस को सफलता मिल सकेगी। वैसे चोरी की पिछली किसी भी घटना में सफलता न मिलना कोरिया पुलिस की नाकामी बताने के लिए काफी है क्योंकि एक दो मामलों में सीसीटीवी में चोर की तस्वीर भी कैद हुई है बावजूद इसके चोर पकड़े नहीं गए हैं।

# नवजात को झाड़ में फेंकने वाले पर अब तक क्यों नहीं हो रही कार्यवाही

## 2 माह बाद भी कार्यवाही नहीं होने से पुलिस कार्यप्रणाली पर उठ रहे सावालिया निशान

-संवाददाता-
खड़गवां, 19 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
लगभग दो माह पूर्व खड़गवा के राघवगंज मोहल्ले मे नवजात शिशु का शव झाड़ियों में फेंका हुआ मिला था मानवता को शर्म सार करने वाली घटना की खड़गवां पुलिस ने जांच कर इस कृत करने वालो के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध भी दर्ज किया गया है और पुलिस कार्यवाही करना भूल गई है क्या?

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जानकारी मिल रही है कि एक महिला मरीज खड़गवां हासपीटल के आईपीडी में भर्ती किया गया था और महिला रात को अपनी आईपीडी भर्ती पर्ची को साथ लेकर हासपीटल से फरार हो गई थी। सूत्रों से ये जानकारी भी मिल रही है कि इस संबंध में हासपीटल के आईपीडी रजिस्टर में भी इस मामले में कुछ गोलमाल किया गया है जब खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन ने महिला के द्वारा भर्ती पर्ची लेकर भाग गई थी। जब मामला सोशल मीडिया में आया तब जाकर स्वास्थ्य केंद्र से सूचना दी गई इस मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं? 16 दिसम्बर 2023 को नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना के बाद मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया मर्ग जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां से अज्ञात मृतक नवजात शिशु के संबंध में जानकारी ली गई जिसमें 13 दिसम्बर को डाक्टर ने बताया कि राखी सोनी को पेचिस एवं पेट दर्द के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था लेकिन गर्भवती की जानकारी नहीं गई थी 11.30 बजे लड़का को शौचालय में जन्म देना बताया गया। मामले में मरीज राखी सोनी एवं उसकी मां राज कुमारी का महिला विवेचक ने बयान लिया जो हासपिटल में पेट दर्द व पेचिस होने से राखी का इलाज कराना स्वीकार किया और मृत बच्चा पैदा होने से शिशु मंदिर के सामने झाड़ियों के बीच फेंकना भी बताया गया है। और पुलिस ने मामले की जांच के आधार पर प्रथम दृष्टया दोनों के विरुद्ध धारा 318, 34, के तहत अपराध क़ायम कर विवेचना में लिया गया है। और इस मानवता को शर्म सार करने वाली कृत वालों को पुलिस लगभग दो माह के बाद भी उन पर कार्यवाही नहीं कर रही है आखिर क्यों? क्या खड़गवां पुलिस इस कृत करने वालो पर कार्यवाही नहीं करना चाहती है या कार्यवाही करने की जरूरत नहीं समझ रही है या लेनदेन से मामले को निपटाने में लगी हैं? मानवता को शर्म सार करने वाले इस मामले में कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं?




# अवैध नशीली पदार्थों एवं एमव्ही एक्ट के अंतर्गत कोरबा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही



-संवाददाता-
कोरबा, 19 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर लगातार पुलिस के द्वारा अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में दिनांक 18/02/2024 को भी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, शराब एवं नशीली पदार्थ के विरूद्ध सक्ति से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/ चैकी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया है। उरगा पुलिस के द्वारा आरोपी चंद्रदेश महंत एवं श्रीमती रजवाना बेगम के कब्जे से 276 नशीली टेबलेट जप्त कर नार्कोटिक्स अधि. के तहत किया गया कार्यवाही। कोतवाली पुलिस के द्वारा राताखार अटल आवास के पास 01 आरोपी जानकी मिश्रा के कब्जे से 03 किलो गांजा जप्त किया गया जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 05 प्रकरणों में कुल 57 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 41 पाव देसी प्लेन मंदिरा शराब किया जप्त, कुल 05 लोगों को भेजा गया जेल है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 05 लोगों के विरुद्ध 185 एमव्ही एक्ट की कार्यवाही किया गया है। चौकी सर्वमंगला क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला चौक उद्यान के पास से 41 पाव देसी प्लेन मंदिरा शराब को किया गया जप्त। थाना हरदीबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर पखनापारा में 40 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त। थाना बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत सुमेधा में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त। चौकी राजगामार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छापर भाटा बुंदेली में 04 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।थाना लेमरू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़गांव में 03 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त। अवैध कारोबार पर पूर्णतः लगाम लगाने के पुलिस टीम द्वारा संगठित अपराधों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जाने के जानकारी दी गई है ।

# शाला चिवराबहरा अक्षयपुर में हुआ 'न्योता भोजन' कार्यक्रम आयोजित





-संवाददाता-
सूरजपुर, 19 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
विकासखंड रामानुजनगर के प्राथमिक शाला चिवराबहरा अक्षयपुर में शिवाजी महाराज के जन्म दिवस पर ''न्योता भोजन'' कार्यक्रम का आयोजन जनपद शिक्षा समिति रामानुजनगर के सदस्य पनमेश्वर सिंह ओरकेरा के द्वारा आयोजित किया गया। जनपद सदस्य ने छात्रों को मध्याह्न भोजन में सेब, अंगूर, केला फल, मीठा एवं सेवई प्रदान कर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू, सेवानिवृत्ति शिक्षक मोहन सिंह, राजकुमार सिंह बहादुर सिंह, गोकुल सिंह, बलभद्र सिंह, एसएमसी अध्यक्ष कपिल देव सिंह, पालक विजय सिंह, पालक श्रीमती कौशल्या सिंह, श्रीमती टेकमनिया सिंह, अमृता सिंह, सुंदरी सिंह प्रधान पाठक वंश बहादुर सिंह, सहायक शिक्षक कलार सिंह पैकरा, भागीरथी राजवाड़े, बलभद्र सिंह,राम नारायण सिंह एवं विद्यालय के सभी छात्रों के साथ पौष्टिक भोजन ग्रहण किए। जनपद शिक्षा समिति के सदस्य पनमेश्वर सिंह ने अपने जनपद क्षेत्र के सभी पालकों, समाजसेवियो, सेवानिवृत शिक्षकों, व्यापारियों और संभ्रात लोगों से आग्रह किया है कि अपने जन्मदिन के अवसर पर, परिवार की जन्मदिन के अवसर पर, विवाह के वर्षगांठ या महत्वपूर्ण दिवस पर इस तरह का आयोजन अपने निकट के स्कूलों में करें, जिससे छात्रो, विद्यालय का आत्मीय जुड़ाव जन समुदाय से हो सके तथा छात्रों को मध्यान भोजन के साथ छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा न्योता भोजन योजना के अंतर्गत छात्रों को पौष्टिक भोजन भी दिया जा सके। एबीईओ मनोज कुमार साहू ने जनपद सदस्य पन्मेश्वर सिंह ओरकेरा जी का आभार व्यक्त किया तथा आसपास के स्कूलों मे सहयोग का आग्रह किया।

# 21 एवं 22 फरवरी को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु महाअभियान का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर, 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु कलेक्टर श्री रोहित व्यास के आदेशानुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में 21 एवं 22 फरवरी 2024 को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, महिला बाल विकास विभाग व अन्य विभागों के सहयोग से जिले के लगभग 1.56 लाख विकासखण्डवार (भैयाथान -24318, ओड़गी 23853, प्रतापपुर -24730, सूरजपुर -35841, रामानुजनगर -23201, प्रेमनगर -9728) तथा नगरीय निकायों में (जरही 1138, प्रतापपुर -1079, प्रेमनगर-733, सूरजपुर -6909, बिश्रामपुर -2339 भटगाँव -2577) आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु घर-घर जाकर, टोले मोहल्ले में शिविर लगाकर, स्कूलों में आँगनबाड़ियों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इसी तारतम्य में शिविर आयोजन कर जिले के समस्त विभाग द्वारा आयोजित विशेष अभियान जिले के समस्त आयुष्मान मित्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (सीएचओ), रोजगार सहायक / सचिवों, आर.एच.ओ./द्वितीय ए.एन.एम., एन.आर.एल.एम. बैंक सखी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों द्वारा छुटे हुए समस्त हितग्राहियों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशाल रैली का आयोजन



-संवाददाता-
सूरजपुर, 19 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
कलेक्टर रोहित व्यास और जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू के दिशा निर्देश में अग्रसेन चौक सूरजपुर से तक्षशीला पुस्तकालय तक विशाल साइकिल रैली का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के सभी छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आज मतदान के लिए सभी लोगों को जागरुक करते हुए एक विशाल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान को लोकसभा चुनाव के तहत शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन लता बेक स्वीप नोडल अधिकारी सूरजपुर, सहायक नोडल जयराम प्रसाद (बीपीओ), सुदर्शन दास, पुनीता राजवाड़े, यशोदा सोनी, अजय देवांगन एव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य अन्नू कांडे स्कूल के सभी शिक्षक गण इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।



# ढ़ाबा संचालक से चोरी का 30 लीटर डीजल जप्त, चौकी तारा पुलिस की कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर 19 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने थाना-चौकी प्रभारियों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में दिनांक 18.02.2024 को चौकी तारा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि तारा मेन रोड़ स्थित बबलू ढ़ाबा संचालक के द्वारा अवैध चोरी का डीजल रखा है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ढ़ाबा में दबिश दिया। संचालक बबलू उर्फ श्याम बहादूर साहू पिता कन्हैयालाल उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 30 लीटर डीजल बरामद किया गया जिसके संबंध में वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर संचालक के द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया जो चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर 30 लीटर जप्त किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी तारा बृजकिशोर पाण्डेय, आरक्षक देवनीश मिंज,छत्रपाल सिंह व रामचन्द्र साहू सक्रिय रहे।

# असामाजिक तत्वों ने देर रात स्कॉर्पियो को किया आग के हवाले



-संवाददाता-
कोरबा, 19 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
जिले में बीती रात सिंचाई कॉलोनी में असामाजिक तत्वों ने तांडव मचाते हुए एक स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। जब तक लोगों की इसकी जानकारी हुई एवं दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक स्कॉर्पियो जलकर पूरी तरह से खाक हो चुका था। बताया जा रहा है यह स्कॉर्पियो गोविंद नमक व्यक्ति का था । जो सिंचाई कॉलोनी का रहने वाला है । स्कॉर्पियो मालिक ने बताया कि वह रविवार को अपने वाहन स्कॉर्पियो को आवास के ठीक सामने बनी पार्किंग में खड़ा किया था। रात को गाड़ी में आग लगने से स्थानीय लोगों से इसकी सूचना मिली साथ ही स्थानीय पार्षद को भी लोगों ने जानकारी दी । जिस पर पार्षद द्वारा तत्काल डायल 112 और दमकल की टीम को सूचना दिया गया । सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची तब तक स्कॉर्पियो में आग जल रहा था । कुछ देर बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची पर स्कॉर्पियो पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था । हालांकि इस घटना को किसने अंजाम दिया, अभी इसका पता नहीं चल सका है । घटना की सूचना पर सिविल लाइन थाना ने मामले को दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है । अब देखना होगा के पुलिस आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे कब तक धकेलती है ?

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकेश कुमार अग्रवाल आ0 आनंद कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 2793/111 रकबा 0.022 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा.
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कलावती मातबर आ0 स्व0 कार्तिक महलदार पत्नी सुकुमार मातबर निवासी रायपारा सुभाषनगर भगवानपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 149/3 रकबा 0.940 हे0 में से 05 डिसमिल भूमि को अनावेदक पुनिता पाल पति आकाश खरे निवासी सिंचाई कॉलोनी राजेन्द्र नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11/03/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 01/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 202402021700034 /अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूजा पुत्री रामदयाल, जाति मुण्डा, निवासी ग्राम परसा गुड़ी तहसील राजपुर, जिला-बलरामपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 268/2, 423/2 रकबा क्रमशः 0.040, 0.080 हे0 एवं खसरा नंबर 224/1 रकबा 0.030 हे0 में 1/2 अंश के राजस्व अभिलेखों में वसीयतनामा दिनांक 14/01/2019 के आधार पर वसीयतकर्ता तरूणकांता मिंज पुत्री स्व0 डोमनिक, जाति उरांव का नाम विलोपित करते हुए अपना नाम दर्ज कराने हेतु ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से नामांतरण की कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया था। नामांतरण कार्यवाही के दौरान साक्ष्य की आवश्यकता प्रतीत होने के कारण विधिवत नामांतरण हेतु राजस्व न्यायालय ई-कोर्ट के माध्यम में दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फेवरवेल मैच में कीवी फैंस से सपोर्ट की उम्मीद नहीं:वार्नर

**वेलिंगटन, 19 फरवरी 2024।** ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर को न्यूजीलैंड की सरजमीं पर अपने आखिरी दौरे में वेलिंगटन और ऑकलैंड में दर्शकों से गर्मजोशी से स्वागत की उम्मीद नहीं है। इस गर्मी में टेस्ट और वनडे क्रिकेट से दूर रहने वाले 37 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने पहले ही पुष्टि कर दी है कि



पूर्णकालिक घरेलू फ्रेंचाइजी खिलाड़ी बनने से पहले इस साल का टी20 विश्व कप उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा।वार्नर ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए न्यूजीलैंड में अपने पिछले मुकाबलों के आधार पर यह टिप्पण की क्योंकि पहले कीवी फैंस उन्हे ट्रोल कर चुके हैं और उन्हें लगता है कि इस बार भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है।

### खेल मंत्रालय ने दीया और स्वस्तिका की विदेश में ट्रेनिंग को स्वीकृति दी

**नई दिल्ली, 19 फरवरी 2024।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने टेबल टेनिस खिलाड़ियों दीया चितले और स्वस्तिका घोष को शीर्ष स्तर की ट्रेनिंग के लिए क्रमशः दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। दीया जहां शिन मिन सुंग के मार्गदर्शन में दक्षिण कोरिया के पाजू-सी में ट्रेनिंग करेंगी तो वहीं स्वस्तिका जापान के ओसाका में किपू जियान शिन से ट्रेनिंग लेंगी। एमओसी ने बैडमिंटन खिलाड़ियों किरण जॉर्ज और अनुपमा उपाध्याय, त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम और निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल के प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। किरण और अनुपमा बीडब्ल्यूएफ ऑरलियन्स मास्टर्स में भाग लेंगे तो वहीं त्रीसा और गायत्री की जोड़ी अपने कोच और फिजियो के साथ बीडब्ल्यूएफ जर्मन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए जर्मनी जाएगी। भारत के राइफल निशानेबाज रुद्राक्ष 'इंटरनेशनल सेसन स्टार्ट फॉर शूटर्स (आईएसएएस 2024)' प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए डोर्टमंड जाएंगे। एमओसी ने 'डब्ल्यूटीटी फीडर प्रतियोगिताओं' में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता के टेबल टेनिस खिलाड़ियों जी साथियान और मनिका बत्रा के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। साथियान डब्ल्यूटीटी फीडर और डब्ल्यूटीटी फीडर दो प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए लेबनान के बेरूत जाएंगे जबकि मनिका डब्ल्यूटीटी सिंगापुर स्मैश में प्रतिस्पर्धा के लिए अपने कोच के साथ जाएंगी और फिर बेरूत में दो डब्ल्यूटीटी फीडर टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

# भारतीय महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

- » ग्रूप एक के अपने अंतिम मुकाबले में टीम आज को स्पेन से भिड़ेगी
- » भारतीय बैडमिंटन पुरुष टीम को दक्षिण कोरिया से हार का सामना करना पड़ा





**उज्बेकिस्तान, 19 फरवरी 2024।** भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान दक्षिण कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी।

अर्चना कामत और दीया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को 11-7, 11-3, 11-6 से शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को 11-7, 11-4, 11-1 से हराया। दीया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को 11-6, 10-12, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम लगातार दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है।

ग्रूप एक के अपने अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी। टीम ने पिछले मैच में हंगरी को 3-2 से हराया था। पुरुष वर्ग में अनुभवी शरत कमल, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान अपने-अपने एकल मुकाबले हार गए जिससे भारत को तीसरे वरीय कोरिया के खिलाफ ग्रूप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में 0-3 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हरमीत को दुनिया के 14वें नंबर के जैंग वूजिन के खिलाफ 4-11, 10-12, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद साथियान दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहून के खिलाफ 5-11, 7-11, 7-11 से हार गए जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया।शरत ने ली सैन सु के खिलाफ दूसरा गेम जीता लेकिन लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें 9-11, 11-8, 6-11, 5-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। चिली के खिलाफ शुरुआती मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम पोलैंड से 1-3 से हार गई थी।

भारत को विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा जब सोमवार को पुरुष टीम यहां मेजबान दक्षिण कोरिया से 0-3 से हार गई। अनुभवी शरत कमल, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान अपने-अपने एकल मुकाबले हार गए जिससे भारत को तीसरे वरीय कोरिया के खिलाफ ग्रूप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में एकतरफा हार का सामना करना पड़ा।

विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हरमीत को दुनिया के 14वें नंबर के जैंग वूजिन के खिलाफ 4-11, 10-12, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद साथियान दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहून 5-11, 7-11, 7-11 से हार गए जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया।शरत ने ली सैन सु के खिलाफ दूसरा गेम जीता लेकिन लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें 9-11, 11-8, 6-11, 5-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। चिली के खिलाफ शुरुआती मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम पोलैंड से 1-3 से हार गई थी लेकिन दो हार के बावजूद भारत ग्रुप तीन में कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर है।

## जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट से मिलेगा आराम

**रांची, 19 फरवरी 2024।** भारतीय क्रिकेट टीम ने राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट को 434 रन से जीतते हुए 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई।अब सीरीज का चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। इस बीच खबर ये है कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मैच से आराम दिया जा सकता है।बता दें कि बुमराह ने सीरीज के अब तक तीनों टेस्ट में हिस्सा लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम मंगलवार को राजकोट से उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है।ऐसा माना जा रहा है कि वह राजकोट से



अहमदाबाद जाएंगे।वह धर्मशाला में सीरीज का 5वां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, यह बाद में तय होगा और यह चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर हो सकता है। बता दें कि सीरीज का आखिरी टेस्ट 7 मार्च से खेला जाना है।बुमराह लगातार टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया जा सकता है।इससे पहले मोहम्मद सिराज को विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट से आराम दिया गया था।अगर बुमराह को रांची टेस्ट से आराम दिया जाता है, तो उनके स्थान पर मुकेश कुमार को टीम में जोड़ा जा सकता है।हालांकि, बीसीसीआई की ओर से इस पर अब तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। बुमराह इस सीरीज में फिलहाल सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं।

## स्टोक्स ने की डीआरएस से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग

**नई दिल्ली, 19 फरवरी 2024।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 432 रन की हार में जैक क्रॉली के आउट होने के बाद डीआरएस में अंपायर कॉल को खत्म करने की अपील की।



बेन स्टोक्स को जैक क्रॉली का एलबीडब्ल्यू आउट होना हैरान करने वाला लगा, क्योंकि डीआरएस से पता चला कि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी। फिर भी मैदानी फैसला बरकरार रहा और डीआरएस ने इस फैसले को अंपायर कॉल की तरफ भेज दिया।

स्टोक्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को मैच के बाद मैच रेफरी से बात करते हुए जैक क्रॉली के आउट पर स्पष्टीकरण मांगते हुए देखा गया।

## चैपल-हेडली ट्रॉफी में न्यूजीलैंड,ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय टी 20 ई श्रृंखला भी शामिल

**वेलिंगटन, 19 फरवरी 2024।** चैपल-हेडली ट्रॉफी जो पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला के विजेता को प्रदान की जाती थी, अब टी20ई श्रृंखला के लिए भी खेली जाएगी। इस ट्रॉफी का नाम ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट भाइयों इयान, ग्रेग और ट्रेवर चैपल और न्यूजीलैंड के स्टार वाल्टर हैडली और बेटों बैरी, डेले और सर रिचर्ड के नाम पर रखा गया है।



ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वी तीन मैचों की टी20ई श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करेंगे जो 21 फरवरी से वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में शुरू होगी। यह बहुत अच्छा है कि ट्रॉफी में अधिक दृश्यता और प्रोफ़ाइल होगी। मुझे नई स्थितियाँ भी पसंद हैं -विशेष रूप से बैक-टू-बैक 20-ओवर और 50-ओवर श्रृंखला की स्थिति में। इसका मतलब है कि सभी खेल प्रासंगिक बने रहेंगे, और ई एस पी एन क्रिकइन्फो के हवाले से एक विज्ञप्ति में हैडली को उनके परिवार की ओर से यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि ट्रॉफी लंबे समय तक दांव पर रहेगी - खेलने के लिए बहुत कुछ। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्टार ग्रेग चैपल ने कहा कि वह द्विपक्षीय टी20 सीरीज को ट्रॉफी में शामिल करने के फैसले से खुश हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से उन्होंने कहा, मैं रास्ते और राष्ट्रीय प्रणाली के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में बहुत विश्वास रखता हूं और आने वाले वर्षों में कुछ युवा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को ट्रॉफी के लिए अपने कीवी समकक्षों के साथ प्रतिस्पर्धा करते देखना विशेष रूप से सुखद होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले को लगता है कि चैपल-हेडली ट्रॉफी में द्विपक्षीय टी20ई श्रृंखला को शामिल करने से इसे आने वाले वर्षों में और भी अधिक प्रासंगिकता मिलेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रमुख स्कॉट वेनिंक ने कहा, खिलाड़ियों, प्रशंसकों और विशेष रूप से आने वाली अगली पीढ़ियों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि हम कहां से आए हैं और हम कौन हैं। मुझे खुशी है कि हम इसका इंतजार कर रहे हैं।भविष्य लेकिन अतीत को न भूलने का ध्यान रखें।

चैपल-हैडली ट्रॉफी पहली बार दिसंबर 2004 में खेली गई थी। ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन है और उसने इसे सात बार जीता है जबकि कीवीज़ ने चार बार ट्रॉफी जीती है। श्रृंखला दो बार ड्रा हो चुकी है और उनमें से एक 2004 का उद्घाटन संस्करण था। **ऑस्ट्रेलिया टी 20 टीम:** मिशेल मार्श (कप्तान), पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा **न्यूजीलैंड टी 20 टीम:** फिन एलन, डेवोन कॉनवे, टिम सीफर्ट, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, मिशेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन, टिम साउदी, एडम मिल्ने, ट्रेंट बोल्ट।

## घुटने की चोट के कारण ओन्स जाबेउर दुबई चैंपियनशिप से हट गए

**दुबई, 19 फरवरी 2024।** वर्ल्ड नंबर 6 ओन्स जाबेउर दाहिने घुटने की चोट के कारण इस सप्ताह की दुबई टेनिस चैंपियनशिप से हट गए हैं। तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट जाबेउर को दुबई के मुख्य ड्रॉ में पांचवी वरीयता दी गई थी। उनकी जगह दुनिया की 67वें नंबर की भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा लेंगी।



दुबई टेनिस चैंपियनशिप वेबसाइट पर एक आधिकारिक बयान में, जाबेउर ने कहा, प्रिय दोस्तों और परिवार, मैं आप सभी के साथ साझा करना चाहता था कि मेरा घुटना पकड़ में नहीं आ रहा है, दर्द के साथ खेलना असहनीय हो गया है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पा रहा हूं। कोर्ट पर निराशा हो रही है। मेरे डॉक्टरों और टीम के परामर्श के बाद हमने फैसला किया है कि मुझे इस सप्ताह दुबई से हटना होगा और अधिक चिकित्सा उपचार के लिए जाना होगा। यूएस स्विंग के लिए कोर्ट पर सभी के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद। प्यार आप, ओन्स, उसने आगे कहा। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब अरब स्टार जाबेउर को उसके मध्य पूर्वी दौरे पर चोटों के कारण दरकिनार कर दिया गया है। पिछले साल, जाबेउर तीनों क्षेत्रीय आयोजनों से हट गया- अबू धाबी, दोहा और दुबई। यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक भी वायरल संक्रमण के कारण इस साल दुबई के मुख्य ड्रा से हट गई। कोस्त्युक, जिन्होंने 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल बनाया था, उनकी जगह ड्रॉ में इतालवी भाग्यशाली लूसिया ब्रॉन्ज़ेटी (60वें स्थान पर) लेंगी। कोस्त्युक की साथी यूक्रेनी लेसिया त्सुरेंको भी दाहिनी कोहनी की चोट के कारण मुख्य ड्रॉ से हट गई।

## फेसुंडो डियाज एकोस्टा ने निकोलस जैरी को हराकर अर्जेंटीना ओपन का खिताब जीता

**ब्यूनसआयर्स, 19 फरवरी 2024।** 23 वर्षीय वाइल्ड कार्ड फैकुंडो डियाज़ एकोस्टा ने अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस जेरी को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला एटीपी टूर खिताब हासिल करने के लिए मास्टरक्लास प्रदर्शन किया।

अर्जेंटीना ने सप्ताह में केवल चार टूर-स्तरीय जीत के साथ प्रवेश किया। उन्होंने इस सप्ताह पांच मैच जीते और एटीपी 250 खिताब की राह में एक भी सेट नहीं गंवाया। डियाज़ अकोस्टा और राफेल नडाल इवेंट इतिहास में एकमात्र बाएं हाथ के चैंपियन हैं।

एटीपी के हवाले से डियाज़ अकोस्टा ने कहा, मैं अभी भी इस पर विश्वास नहीं कर पा रहा हूं। मैं अपनी टीम के साथ लंबे समय से इस पल का सपना देख रहा हूं और इसे हासिल करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत कर रहा हूं। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने कहा, मैं इस ट्रॉफी को उठाने में सक्षम होने से बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि मैंने एक शानदार मैच खेला, जैसा कि मैंने पूरे हफ्ते किया, लेकिन मैं अभी भी यह समझ नहीं पा रहा हूं कि मैंने सेट गंवाए बिना टूर्नामेंट कैसे जीता। स्थानीय पसंदीदा ने सप्ताह में नंबर 1 स्थान पर प्रवेश किया। एटीपी रैंकिंग में 87वां स्थान, उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ। अर्जेंटीना में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ, वह वर्ल्ड नंबर पर पहुंच जाएंगे। सोमवार को



59. जैरी ने वर्ल्ड नंबर को हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को सेमीफाइनल में 2 कार्लोस अलकराज। यह महान चिली के करियर की सबसे महत्वपूर्ण जीत थी। हालाँकि, 28 वर्षीय खिलाड़ी को फाइनल में अपनी फॉर्म बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

अर्जेंटीना के प्रशंसकों ने गुइलेर्मो विलास में घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी का समर्थन किया,जिससे डियाज़ अकोस्टा को अपने करियर के सबसे बड़े मैच में गहराई से उतरने के लिए प्रेरित किया। जैरी ने दूसरे सेट के दूसरे भाग में अपनी गलतियों को सीमित करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला। दूसरी ओर, डियाज़ अकोस्टा ने कोर्ट को शतरंज की बिसात की तरह इस्तेमाल किया, जिससे चिली के खिलाड़ी को जवाबी मुक्का मारने और महत्वपूर्ण विजेताओं को मारने के आदर्श अवसर की प्रतीक्षा करते हुए रैलियों पर हावी होने की अनुमति मिली।


दूसरे सेट में अर्जेंटीना को 4-3 पर सर्विस करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मैच के पहले गेम के बाद उन्हें अपने पहले ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन महत्वपूर्ण परिस्थितियों में जैरी का बैकहैंड लड़खड़ा गया। जब डियाज़ अकोस्टा ताज के लिए दौड़े तो उन्हें श्रम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। आखिरी गेम में, वह एक और ब्रेक के अवसर से बच गए और अंततः अपना छठा चैंपियनशिप पॉइंट परिवर्तित कर लिया, अपना रैकेट गिरा दिया और आश्चर्य से अपनी टीम को देखकर मुस्कुराए।

## रश्मिका ने फोटो शेयर कर लिखा हम आज मौत से बच गए



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की फिल्म 'एनिमल' पिछले साल जबरदस्त हिट रही। रश्मिका तब से ही खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में रश्मिका को एक परेशानी का सामना करना पड़ा। उनकी फ्लाइट की आपातकालीन लैंडिंग हुई थी। इस घटना ने रश्मिका को हिलाकर रख दिया। रश्मिका ने फ्लाइट में बैठे हुए एक फोटो भी शेयर की है। रश्मिका ने ये तस्वीर अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर डाली है। उनकी ये तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। रश्मिका इस दौरान एक्ट्रेस श्रद्धा दास के साथ यात्रा कर रही थीं। रश्मिका ने लिखा, सिर्फ आपकी जानकारी के लिए, इस तरह हम आज मौत से बच गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस फ्लाइट में रश्मिका बैठी थीं, वह मुंबई से हैदराबाद जा रही थी। तकनीकी समस्या के कारण यह 30 मिनट बाद फिर से मुंबई लौट आई। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी को भी कोई चोट या किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। बता दें कि रश्मिका अपनी फिल्म की सक्सेस को खूब एंजॉय कर रही हैं। इतना ही नहीं बल्कि इसके अलावा इन दिनों रश्मिका 'पुष्पा 2' की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में रश्मिका फिर से 'श्रीवल्ली' के रोल में नजर आने वाली हैं। बता दें कि बतौर लीड एक्टर फिल्म में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन हैं और फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

# प्रियंका ने दिखाई बेटी की प्यारी झलक



प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास ने जनवरी 2022 में बेटी मालती मैरी का स्वागत किया था। दोनों जब-तब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पारिवारिक फोटो शेयर करते रहते हैं। आज रविवार (18 फरवरी) को प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स के लिए एक आनंदमय पल शेयर किया। इसमें प्रियंका ने मालती की मनमोहक तस्वीर पेश की, जो काले और चांदी के रंग की गेंदों से भरे गड्ढे में बसी हुई थी। मालती सफेद मोजे के साथ बुने हुए हरे रंग के को-ऑर्ड सेट में क्यूट लग रही थीं और अपने खेल के समय का आनंद लेते हुए उन्होंने प्यारी मुस्कान बिखेरी। कैप्शन में, प्रियंका ने लिखा, क्या आप मुझसे मजाक कर रहे हैं? मालती की फोटो प्रियंका के करीबी दोस्तों जॉर्डन मैकग्रा और मॉर्गन स्टीवर्ट मैकग्रा के बच्चों रोवे और ग्रे के बर्थडे की लग रही हैं। प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, धन्यवाद रोवे और ग्रे। जन्मदिन की शुभकामनाएं। हमने सबसे ज्यादा मजा किया! इससे पहले 14 फरवरी को प्रियंका ने अपने पति के लिए एक नोट लिखा, जिसमें एक रोमांटिक सेल्फी और उनकी शादी की पुरानी तस्वीर के साथ उनके बंधन को याद किया गया।

## सोनू वालिया के जन्म दिन पर जाने एक्ट्रेस के जीवन की आन सुनी बाते

क्या आपको लगता है कि बहुत ज्यादा लंबा होना किसी का करियर बर्बाद कर सकता है? अगर नहीं तो आपको एक्ट्रेस सोनू वालिया की कहानी जरूर जाननी चाहिए। साल 1988... फिल्म खून भरी मांग... इस फिल्म में रेखा और कबीर बेदी के साथ एक बेहद खूबसूरत हसीना भी नजर आई थी। उसका नाम सोनू वालिया था। ये वही सोनू वालिया थीं, जिन्होंने 1985 में मिस इंडिया का खिताब जीता था। सोनू का जन्म 19



फरवरी 1964 को दिल्ली में रहने वाले एक पंजाबी परिवार में हुआ था। स्कूली शिक्षा के बाद सोनू ने पत्रकारिता और मनोविज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। एक इंटरव्यू में सोनू ने बताया था कि उनकी हाइट ज्यादा होने के कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। दरअसल, सोनू की हाइट करीब 5 फीट 8 इंच है, जिसके कारण उन्हें ज्यादा फिल्मों में काम नहीं मिला। सोनू के मुताबिक, उनके समय में लंबे कद वाले एक्टर्स की उम्र काफी ज्यादा होती थी, जबकि नए स्टार्स उनसे छोटे होते थे। फिल्म खून भरी मांग में सोनू वालिया ने काफी बोल्ड सीन दिए थे।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा ने शेयर किया 'योद्धा' का नया पोस्टर



एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेकर भी फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। उन्हें बॉलीवुड में करीब 10 साल हो गए हैं। वे अब तक कई शानदार भूमिकाएं निभाकर दर्शकों की वाहवाही लूट चुके हैं। पिछले महीने जनवरी में सिद्धार्थ ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डेब्यू किया। सिद्धार्थ, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय के अभिनय से सजी वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' हिट रही। अब सिद्धार्थ फिल्म योद्धा में धांसू रोल में नजर आएंगे। आज रविवार (18 फरवरी) को सिद्धार्थ ने योद्धा का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्ट में सिद्धार्थ हाथ में बंदूक लिए लक्ष्य पर निशाना साध रहे हैं। सिद्धार्थ की आंखों में फाइट करने की भूख साफ दिखाई दे रही है, जिसे देख लोग रोमांचित हो गए। सिद्धार्थ ने कैप्शन में जानकारी दी कि 19 फरवरी के दिन 1 बजे मूवी का टीजर आउट हो जाएगा। फिल्म की टैगलाइन ब्रेस फॉर इम्पैक्ट भी ध्यान खींचती है। यह पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया। योद्धा में सिद्धार्थ के साथ दिशा पटानी और राशि खन्ना भी हैं। फिल्म का डायरेक्शन सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है।

CMYK

# विधानसभा में आज गूंजेगा डीएमएफ, शराब,कस्टम मिलिंग का मुद्दा

» अलग-अलग जिलों में डीएमएफ मद के खर्च से लेकर डीएमएफ के 2015 एक्ट में संशोधन को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सवालों के जवाब देंगे...




रायपुर,19 फरवरी 2024। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को डीएमएफ (जिला खनिज संस्थान न्यास) का मुद्दा गूंजेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और ईओडब्ल्यू (राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान) में एफआईआर की वजह से इस मामले में विधानसभा की कार्रवाई गर्म होने की संभावना है। अलग-अलग जिलों में डीएमएफ मद के खर्च से लेकर डीएमएफ के 2015 एक्ट में संशोधन को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सवालों के जवाब देंगे। कई जिलों मे डीएमएफ के खर्च को लेकर शिकायत की गई थी। इसकी वजह से ही इस मामले में ढेरों सवाल विधानसभा में विधायकों ने लगाए हैं।

प्रदेश में करीब डीएमएफ के हजारों करोड़ के गलत इस्तेमाल के आरोप लगे हैं। कोरबा और रायगढ़ सहित कई जिलों में तो बिना दर तय किए और बिना मांग के इस मद से खरीदी कर ली गई। इसका विरोध किया गया। कलेक्टरों से शिकायत भी की गई, लेकिन कोई जांच नहीं हुई थी। इसी वजह से ईडी ने इस मामले में जांच शुरू की और हजारों करोड़ की गड़बड़ी पकड़ी है। पिछली सरकार पर इसमें बड़ी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।मंगलवार को डीएमएफ के अलावा आबकारी, खनिज, महिला एवं बाल विकास विभाग और खाद्य विभाग से जुड़े सवाल भी किए जाएंगे। आबकारी और खनिज के सवालों का जवाब मुख्यमंत्री देंगे। आबकारी में अवैध शराब की बिक्री के मामलों से संबंधित सवाल पूछे गए हैं। इसके अलावा खनिज विभाग में रेत और मुरुम खनन से संबंधित सवाल किए गए हैं। खाद्य विभाग में कस्टम मिलिंग से संबंधित सवाल भी विधायकों ने पूछे हैं। खनिज और आबकारी विभाग में पिछली सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे थे। ईडी की रिपोर्ट पर ईओडब्ल्यू में महीनेभर पहले डीएमएफ, कोल घोटाले और कस्टम मिलिंग घोटाले में एफआईआर भी की गई है।

# फरवरी के बाद विभागीय खरीदी पर लगेगी रोक

### इन मामलों में रियायत मिली

रायपुर,19 फरवरी 2024। छत्तीसगढ़ के वित्त विभाग ने सरकारी खरीदी पर रोक लगा दी है। 29 फरवरी के बाद किसी भी प्रकार की खरीदी नहीं हो सकेगी। सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया गया है। हालांकि, कुछ मामलों में खरीदी के लिए रियायत भी दी गई है।

आमतौर पर वित्तीय वर्ष के आखरी महीनों में जल्दबाजी में कई विभाग बजट का उपयोग करने के उद्देश्य से जरूरत नहीं होने पर भी सामग्री खरीद लेते हैं, इससे शासन के पैसों का दुरूपयोग होता है। इस वजह से 2023-24 के बजट में प्रावधानित राशि से 29 फरवरी, 2024 के बाद खरीदी नहीं की जा सकेगी।

### इन प्रकरणों में रियायत

- निर्माण विभागों (लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं वन विभाग) से संबंधित चालू परियोजनाओं में भंडार की स्थिति का आकलन करने के उपरांत आगामी एक माह में उपयोग आने वाली सामग्री।
- जेलों, शासकीय एवं राज्य कर्मचारी बीमा योजनान्तर्गत चल रहे अस्पतालों तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित छात्रावासों व आश्रमों में भोजन, कपड़ा, दवाईयों का क्रय तथा अन्य प्रासंगिक व्यय। 4 पोषण आहार हेतु आगनबाडी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे खाद्यान का क्रय तथा परिवहन।
- आसवनियों से खरीदी गई देशी मदिरा का क्रय




- पेटोल डीजल एवं वाहन मरम्मत से संबंधित खरीदी।
- लेखन सामग्री से संबंधित क्रय (5हजार रुपये तक)

### यह कार्य आदेश से मुक्त

कुछ कामों को इस आदेश के दायरे से बाहर रखा जाता है। इसमें केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजना (केन्द्रांश प्राप्त होने पर आनुपातिक राज्यांश सहित कुल राशि में से), विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना, केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान, नाबार्ड पोषित योजना, सिडबी, राष्ट्रीय आवास बैंक और विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए खरीदी जाने वाली सामग्री है।

## संक्षिप्त खबरें

### एम्स के कार्यकारी निदेशक बने अशोक जिंदल



रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) नई दिल्ली के पूर्व निदेशक और कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल को छत्तीसगढ़ एम्स का प्रमुख चिकित्सा और अनुसंधान संस्थान कार्यकारी निदेशक और सीईओ बनाया गया है।एम्स शामिल होने के बाद, लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल ने सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को रोगी-केंद्रित सेवाओं और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर शोध पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

### 7 ट्रेनी आईपीएस को सीएसपी के पद पर मिली पोस्टिंग




#### अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया

रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा (74 आर. आर. बैच) के अधिकारियों का जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण उपरांत नवीन पदस्थापना सीएसपी के पद पर आदेश जारी किया गया है।गृह विभाग मंत्रालय महानदी भवन से अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया है।

# भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच को मिली मंजूरी




रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। सरकार बदलते ही प्रदेश में सीबीआई की एंट्री हो चुकी है, राज्य सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले की जांच की अनुमति दे दी है। बीते महीने 29 जनवरी 2024 को सीबीआई ने भिलाई में एक बीएसपी कर्मी शम्सुज्जमा खान को रिश्वत लेते पकड़ा था। जिसको लेकर सीबीआई ने गृह विभाग से अनुमति मांगी थी। भ्रष्टाचार से जुड़े इस मामले की जांच सीबीआई दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीआई) अधिनियम के तहत जांच की जाएगी। इस संबंध में सोमवार को गृह विभाग ने नोटिफिकेश जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि, सीबीआई की स्थापना डीएसपीआई एक्ट के तहत की गई है और ब्यूरो इसी एक्ट के तहत अपनी कार्यवाही करती है।

दरसअल, राज्य सरकार ने सीबीआई को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले की जांच के लिए अनुमति दी है। यह मामला रिश्वतखोरी से जुड़ा है। बीते महीने 29 जनवरी 2024 को सीबीआई ने भिलाई में एक बीएसपी कर्मी शम्सुज्जमा खान को रिश्वत लेते पकड़ा था। इसी मामले की जांच के लिए सीबीआई ने गृह विभाग से अनुमति मांगी थी।

5 फरवरी को सीबीआई ने बीएसपी के जिस कर्मचारी को पकड़ा था जिसका नाम शम्सुज्जमा खान है। उस पर मकान आवंटित करने के नाम पर 5 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने रिश्े वत की रकम के साथ उसे रंगे हाथ पकड़ा है।

बताया जा रहा था कि, सीबीआई को समसुल के संबंध में शिकातय मिली थी कि उसने एक ेयक्ति से मकान आवंटित करने के नाम पर 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत सीबीआई की रायपुर स्थित एंटी करप्शन यूनिट से की गई।

इसके बाद शिकायतकर्ता ने शमा से सौदेबाजी की और 5 हजार रुपये में सौदा तय हो गया। शमा ने 5 हजार रुपये लेकर मकान अलाट करने की बात कही। आज योजनाबद्ध तरीके से सीबीआई ने से गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि शमा मूल रुप से बीएसपी के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट का कर्मचारी है। पिछले 4 महीने से उसे वह तोड़ूदस्ता में शामिल किया गया था।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। कांग्रेस के खातों को फ्रिज करने पर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ तानाशाही का आरोप लगाते हुए आज कांग्रेसियों ने आयकर कार्यालय के सामने जोरदार विरोध-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन आकाशवाणी स्थित इनकम टैक्स कार्यालय के सामने किया गया। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की राशि को लेकर यह कठोर कदम उठाया गया है। इसी क्रम में वर्तमान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बैंक एकाउंट्स को फ्रिज कर दिया गया है। इसे लेकर देश भर में बवाल मचा हुआ है। कांग्रेसी इस बात का जोरदार विरोध कर रहे हैं। आज विरोध-प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, एजाज ढेबर सहित कांग्रेस के सैकड़ो नेता कारण उपस्थित थे।

# अब आयुर्वेद के डॉक्टर भी कर पाएंगे जनरल सर्जरी,नोटिफिकेशन जारी



### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। अब आयुर्वेद के डॉक्टर भी सर्जरी कर सकेंगे। सरकार ने एक नोटिफिकेशन के जरिए आयुर्वेद के पीजी एमएस छात्रों को सर्जरी करने की इजाजत दी है। छत्तीसगढ़ आयुर्वेद महासंघ की सदस्य डॉ अख्तरी ख़ुर्शीद खान ने बतलाया कि केंद्र सरकार के देश के डॉक्टरों से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है। जिससे आयुर्वेद डाक्टरों ने खुशी की लहर है, तो मेडिकल समुदाय से जुड़े लोग हैरान है।इस नोटिफिकेशन के मुताबिक आयुर्वेद के डॉक्टर 58शल्य योग्य बीमारियों जैसेहड्डीरोग, नेत्र विज्ञान, नाक-कान-गला (ईएनटी)पेट रोग गुदा रोग नेत्र रोग, किडनी संबन्धित बिमारियाँ और दांतों आदि अंगों से जुड़ी सर्जरी कर सकेंगे। वहीं दूसरी ओर सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन के अध्यक्ष ने कहा है कि आयुर्वेद संस्थानों में ऐसी सर्जरी पिछले 25 सालों से हो रही हैं। नोटिफिकेशन सिर्फ यह स्पष्ट करता है कि यह सर्जरी वैध हैं। नए नोटिफिकेशन के मुताबित अब आयुर्वेद के छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही सर्जिरी की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। छात्रों को शल्य तंत्र शालक्य तंत्र (नेत्र, कान, नाक, गला, सिर और सिर-दंत चिकित्सा का रोग) जैसी डिग्री भी दी जायेगी। इस वैधानिक आदेश उपरांत आयुर्वेद के डॉक्टरों में इसे लेकर खुशी हैं।

# विधानसभा चुनाव जीतने वाले विधायकों में गिनती के लोगों ने ही 90 फीसदी से ऊपर किया खर्च




रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स नाम की संस्था ने छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के 2023 के विधानसभा चुनाव में जीते विधायकों के खर्च का विश्लेषण किया है। इसमें 90 में 88 सीटों के आंकड़े हैं, जबकि दो विधायकों की जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट से ठीक से नहीं मिल पाने की वजह से इनके विश्लेषण में शामिल नहीं हैं।

### 11 फीसदी ने आधा भी नहीं किया खर्च

रिसर्च के मुताबिक 88 विधायकों में से 10 विधायक (11 फीसदी) ऐसे हैं जिन्होंने 40 लाख रूपए की खर्च सीमा के आधे से भी कम खर्च बताया है। इस चुनाव में औसत खर्च अधिकतम सीमा का 68 फीसदी ही हुआ है, जो कि 27.11 लाख रूपए है।

### भाजपा-कांग्रेस के विधायकों ने इतने किये खर्च

पार्टियों के हिसाब से देखें, तो भाजपा के 53 विधायकों ने औसत 28.48 लाख रूपए खर्च किए हैं जो कि खर्च सीमा के 71.2 फीसदी है।कांग्रेस के 34 विधायकों ने औसत 25.34 लाख खर्च किए हैं जो कि खर्च सीमा का 63.4 फीसदी है। और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अकेले एमएलए ने 14.36 लाख रूपए खर्च किए हैं जो कि खर्च सीमा का 35.9 फीसदी है।

### सर्वाधिक खर्च करने वाले ये हैं 3 विधायक

सबसे अधिक खर्च वाले तीन विधायकों के नाम इस तरह हैं- अनिला भेंडिया, कांग्रेस, डौंडीलोहारा, खर्च सीमा का 96 फीसदी। दीपेश साहू, भाजपा, बेमेतरा, खर्च सीमा का 95 फीसदी। दयालदास बघेल, भाजपा, नवागढ़, खर्च सीमा का 92 फीसदी।

दोबारा विधायक बने रामकुमार ने केवल 7 प्रतिशत किया खर्च

सबसे कम खर्च वाले विधायकों में पहले नंबर पर रहे कांग्रेस के रामकुमार यादव, जो चन्द्रपुर विधानसभा से लाडे और कुल 2 लाख 65 हजार रूपये खर्च किया, जो खर्च सीमा का 7 फीसदी रहा। इसी तरह शेषराज हरबंश, पामगढ़, 12 लाख, खर्च सीमा का 31फीसदी। इन्द्र कुमार साव, भाटापारा, 12 लाख, खर्च सीमा का 31 फीसदी।

# 2024 इलेक्शन को लेकर डरी हुई है बीजेपी

» पूर्व सीएम भूपेश का बड़ा आरोप

» हमारे नेताओं को फोन कर पद देने की कह रहे बात



रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। कांग्रेस के बड़े नेताओं के भाजपा में शामिल होने के राजनीतिक हलचल के बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है। पूर्व सीएम ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, हमारे विधायकों से फोन पर संपर्क किया जा रहा है। लोकसभा टिकट और मंत्री पद देने की बात कह रही है। लोकसभा चुनाव होने में बस चंद महीने ही रह गए हैं। सियासी गलियारों में चुनावी जाल बुनने की तैयारियां भी तेज हो चुकी है। भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी है। ।आगे पूर्व सीएम बघेल भाजपा 2024 इलेक्शन को लेकर डरी सहमी हुई है। बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र की घटनाएं इस बात की ओर संकेत देती है. भाजपा 2024 चुनाव में भाजपा हारने वाली है. इस कारण से तोड़फोड़ कर रहे हैं. खुद पर भरोसा इन्हें नहीं रहा, यह स्पष्ट हुआ है।

### महतारी वंदन योजना की बढ़ाएं डेट

महतारी वंदन योजना के आवेदन तिथि को बढ़ाने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, डेट बढ़ाई जानी चाहिए, महिलाएं वंचित रह जाएंगी। जो 60 लाख से ऊपर फार्म भाजपा ने चुनाव समय भराए थे, उन्हें फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं होनी थी. पहले दिन उनके खाते में राशि पहुंचनी थी. एक करोड़ महिलाओं के फॉर्म भरकर उनके खाते में पैसे डालने चाहिए।

### नक्सलवाद पर नियंत्रण नहीं

पूर्व सीएम ने नक्सलवाद को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है. नक्सली हमले और अन्य आपराधिक मामले लगातार बढ़ रहें है. डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बातचीत करने की बात कही थी, लेकिन आज तक न तो बातचीत की तरफ बढ़ पाए। न ही नक्सलियों को घटना का जवाब दिया जा रहा है।




# महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ की महतारियों को देंगे बड़ी सौगात

» महतारी वंदन योजना की पहली किस्त, पीएम मोदी के हाथों जारी होगी !

» दिग्गज नेताओं की मंडली बना रही पीएम का दौरा कार्यक्रम

रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली घोषणा महतारी वंदन योजना की हितग्राही महतारियों को सौगात देने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। संभावना जताई जा रही हैं कि पीएम के हाथों ही योजना की पहली क़िस्त जारी कराई जाएगी। राज्य सरकार की तरफ से बताया गए हैं आज तक यानी 20 फरवरी तक महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन स्वीकार किये जायेंगे, जबकि अगले महीने के 8 तारीख यानि 8 मार्च को हितग्राही व पात्र महिला आवेदकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से योजना की पहली क़िस्त एक हजार रुपये ट्रांसफर किये जायेंगे।सूत्रों की मानें तो उनसे पहले 3 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रदेश का दौरा करेंगे, जबकि तीन दिन बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का प्रवास तय बताया जा रहा हैं। अमित शाह इसी दिन 10 बजे जाकर कोडांगांव जाएंगे, जहां वे कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इस कार्यक्रम के तहत ही शाह जांजगीर में आमसभा लेंगे और बिलासपुर में बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में शामिल होंगे।

# स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का मिलेगा वेतन




### अनुपस्थित अवधि का निराकरण अर्जित अवकाश में स्वीकृत करें

रायपुर,19 फरवरी 2024(ए)। स्वास्थ्य विभाग के हड़ताल पर गए अधिकारियों और कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का वेतन मिलेगा। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आज मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर से इस आशय का आदेश जारी किया है। इसको लेकर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को निर्देशित भी किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को हड़ताल अवधि 4 जुलाई 2023 से 9 जुलाई 2023 तक की अनुपस्थित अवधि का निराकरण अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए किया जाए।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी 4 जुलाई 2023 से 9 जुलाई 2023 तक हड़ताल पर गए थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)